तापमान

अधिकतम 27.8 डिग्री

न्यूनतम 24.2 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 31 अक्टूबर 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]




## खबर संक्षेप

### डाक टिकट प्रदर्शनी आज से, शामिल होंगे तोखन

**बिलासपुर।** बिलासपुर डाक संभाग द्वारा 31 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक राघवेन्द्र राव सभा भवन में सवेरे 11 बजे से दो दिवसीय जिला स्तरीय डाक टिकट प्रदर्शनी ''बिलासापेक्स-2025'' का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष आवरण विमोचन एवं विरूपण कार्यक्रम में शाम 4 बजे केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू शामिल होंगे। मुख्य अतिथि श्री साहू भक्त माता कर्मा के डाक टिकट विशेष का आवरण एवं विमोचन करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि गुरू घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल भी शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य पोस्टमास्टर जनरल छत्तीसगढ़ परिमंडल रायपुर के शुभेंदु स्वाई करेंगे। प्रदर्शनी का समापन 1 नवम्बर को दोपहर 3 बजे होगा। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

### स्कूली छात्रों को सेना में भर्ती होने अभियान आज

**बिलासपुर।** जिले के स्कूली छात्र-छात्राओं को सेना में भर्ती होने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। जिसके लिए निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय सेना भर्ती रायपुर द्वारा जागरूकता अभियान चलाने की पहल की जा रही है। अभियान के तहत 31 अक्टूबर को सेजेस मल्टीपरपस दयालबंद में दोपहर 1 बजे से एवं सेजेस तिफरा में दोपहर 3 बजे से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार जिला मुख्यालय एवं ब्लाक मुख्यालय के स्कूलों में शिक्षकों तथा कक्षा 11वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में सेना के अधिकारियों द्वारा छात्रों को भारतीय सेना में भर्ती प्रक्रिया, योग्यता, शारीरिक दक्षता, परीक्षा पद्धति तथा कैरियर के अवसरों की जानकारी दी जाएगी।

### फिजियोथेरेपिस्ट के रिक्त पदों पर आवेदन 7 तक

**बिलासपुर।** जिले के विकासखण्डों में दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित समावेशी संसाधन स्रोत केन्द्र के लिए फिजियोथेरेपिस्ट के 3 रिक्त पदों पर 7 नवम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी एनआईसी के वेबसाईट www.bilaspur.gov.in में उपलब्ध है। विज्ञापन एवं आवेदन का प्रारूप जिला पंचायत के द्वितीय तल जिला परियोजना कार्यालय बिलासपुर के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है।

### दिव्यांगों को उपकरण वितरित करने शिविर 6 से

**बिलासपुर।** जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में दिव्यांगजनों के लिए 6 नवम्बर से 26 नवम्बर तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विशेष शिविर लगाया जा रहा है। इन शिविरों में दिव्यांगजनों का प्रमाणीकरण करने के साथ ही दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी बनाए जाएंगे। शिविर में चिन्हांकित दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण दिया जाएगा। मस्तूरी ब्लॉक के हिण्डाडीह में 6 नवम्बर, बिल्हा के धौराभाठा में 10 नवम्बर, तखतपुर के दैजा में 12 नवम्बर, कोटा के चपोरा में 13 नवम्बर, मस्तूरी के चिल्हाटी में 17 नवम्बर, बिल्हा के टेकर में 19 नवम्बर, तखतपुर के घुटकू में 24 नवम्बर एवं कोटा के करगीकला में 26 नवम्बर को शिविर लगेंगे।

### गौधाम बनाने लिए जा रहे आवेदन

**बिलासपुर।** छग प्रदेश के निराश्रित, घुमन्तू तथा कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम अंतर्गत जब्त किए गए गौवंश पशुओं के संरक्षण, संवर्धन एवं विस्थापन के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गौधाम योजना स्वीकृत की गई है। कलेक्टर संजय अग्रवाल की उपस्थिति में गौधाम समिति की बैठक मंथन सभाकक्ष कलेक्टोरेट में आयोजित की गई। जिला स्तरीय गौधाम समिति बिलासपुर में धीरेन्द्र दुबे को अध्यक्ष बनाया गया है।

# 40 उद्योगों पर 643 करोड़ जलकर बकाया, इनमें सरकारी संस्थान भी शामिल

## कुछ ने अनुबंध किया, लेकिन कुछ बिना अनुबंध के ही ले रहे पानी

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिंचाई विभाग का 40 उद्योगों व संस्थानों पर 643 करोड़ रूपया जलकर बकाया है। इनमें से कई तो ऐसे हैं, जो छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के पहले से जल का दोहन कर रहे हैं, लेकिन भुगतान आज दिनांक तक शून्य है। इनमें से कुछ उद्योगों ने सिंचाई विभाग से अनुबंध किया हुआ है, लेकिन कई तो बिना अनुबंध और बिना भुगतान के ही मनमर्जी से जल का दोहन किए जा रहे हैं।

सिंचाई विभाग से सतही एवं भूमिगत जल लेकर पोषित हो रहे 40 उद्योग एवं संस्थानों ने जलकर का भुगतान नहीं किया है। इनमें से कुछ तो ऐसे भी हैं, जिन्होंने विगत 25 से 27 वर्षों में भी जलकर का भुगतान नहीं किया है। यही कारण है कि जलकर की बकाया राशि आज 643 करोड़ तक पहुंच चुकी है। जलकर का भुगतान नहीं करने वाले उद्योंगों द्वारा यह जरूरी नहीं कि वे सिंचाई विभाग द्वारा तैयार किए गए स्ट्रक्चरों के माध्यम से सतही जल प्राप्त कर रहे हों। कई ऐसे भी हैं, जो अपनी व्यवस्था के अनुसार भूमिगत जल का उपयोग भी कर रहे हैं, लेकिन शासन के नियमों के अनुसार उन्हें भी जलकर का भुगतान करना आवश्यक है। बकाएदारों में 8 उद्योग ऐसे हैं, जो सिंचाई विभाग से अनुबंधित हैं, लेकिन 32 विभागों ने तो बिना अनुबंध के ही न केवल पानी का भरपूर दोहन किया और भुगतान भी नहीं किया।

### सरकार को चूना लगाने में सरकारी संस्थान ही आगे

जलकर के रूप में सरकार को प्राप्त होने वाली राशि दबाकर बैठने वालों में शासकीय संस्थान ही पहले नंबर पर हैं। मंडल रेल प्रबंधक इंजी दक्षिण मध्य पूर्व रेल्वे पर अप्रैल 2015 से अब तक 174 करोड़ रूपए का जलकर बकाया है। इसी तरह विभिन्न नगरीय निकायों पर जनवरी 2000 से आज दिनांक तक का 47 करोड़ जलकर बकाया है। नगर प्रशासक एसईसीएल बिलासपुर द्वारा मई 1998 से जलकर जमा नहीं किया गया है। इन पर साढ़े छह करोड़ रूपए का भुगतान बकाया है। नगर पालिका बिल्हा पर सितंबर 2022 से अब तक 49 लाख रूपए का जलकर भुगतान बकाया है। नगर निगम बिलासपुर पर 68 लाख रूपया बकाया है। इसी तरह इंडियन रेल्वे कैटरिंग ट्रांसपोर्ट कंपनी पर जून 2018 से अब तक 13 करोड़ 46 लाख रूपए का जलकर बकाया है।

### शासन को भी दी गई है जानकारी

संबंधित उद्योगों व संस्थानों को बकाया जलकर के भुगतान हेतु हर महीने नोटिस जारी किया जाता है। इस संबंध में विभाग के उच्च कार्यालय के माध्यम से शासन को भी जानकारी दी जा चुकी है। **-वसुंधरा सिंह ठाकुर**, ईई खारंग जलसंसाधन संभाग

### इन उद्योगों पर है जलकर बकाया

- नोवा आयरन एंड स्टील लिमिटेड दगौरी पर मई 2017 से अब तक 4 38 करोड़ रूपए जलकर भुगतान शेष है।
- मेसर्स एसीसी जामुल सीमेंट दुर्ग पर सितंबर 2022 से अब तक 10 लाख रूपए जलकर बकाया है।
- मेसर्स रियल इस्पात एनर्जी प्रा.लि. धौराभाठा पर सितंबर 2025 का 31 लाख बकाया है।
- मेसर्स क्लीन कोल इंटरप्राईजेस प्रा. लि. गतौरा पर अक्टूबर 2019 से अब तक 20 लाख बकाया है।
- मंगल स्पंज एंड स्टील प्रा.लि. बिल्हा पर फरवरी 2009 से अब तक 1 करोड़ बकाया है।
- नर्मदा ड्रिंक्स प्रा.लि. पर दिसंबर 2008 से अब तक 181 करोड़ जलकर बकाया है। इस संबंध में प्रकरण उच्च न्यायालय में विचाराधीन है।
- जेके संस इंजीनियरिंग प्रा.लि. चिल्हाटी पर 2009 से अब तक 16 लाख बकाया है।
- खालसा वेबरेज सिरगिट्टी पर मई 2010 से अब तक 2 43 करोड़ बकाया है।
- मेसर्स जोडियॉक डिलर्स प्रा.लि. बिलासपुर पर अक्टूबर 2016 से अब तक 3 52 करोड़ बकाया है।
- सत्या पॉवर एवं इस्पात लिमिटेड कं गतौरी पर नवंबर 2005 से अब तक 1 करोड़ बकाया है।
- मेसर्स कालिंदी इस्पात प्रा.लि. बेलपान पर सितंबर 2006 से अब तक 1 करोड़ बकाया है।


अरपा नदी में फैली गंदगी।

### रुके पानी का शुध्दिकरण बहुत जरूरी

अधिकारियों के मुताबिक प्रथम चरण में शिवघाट बैराज से पचरी घाट बैराज के बीच प्रवाहित नालों के दूषित जल की रोकथाम होगी। इसमें एनजीटी के नियमों के पालन का दावा भी किया जा रहा है। इसके माध्यम से गंदे पानी को साफ किया जाएगा। इन एसटीपी की क्षमता कितनी होगी और यह कितना पानी साफ कर पाएंगे इस पर सवाल है। दूसरी ओर शहरवासियों की आशंका इस बात कि है कि यदि नदी में जा रहे गंदे पानी को साफ करने की व्यवस्था समय पर नहीं हो सकी तो अरपा का पानी एक तरह से जहर हो जाएगा। दरअसल दोनों बैराज बनने के बाद अरपा में बारहों महीने पानी भरने की तो बात कही जा रही है, लेकिन रुके पानी का शुध्दिकरण नहीं हुआ तो यह और गंदा होता जाएगा।

## अरपा में गंदा पानी रोकने 103 करोड़ की योजना

# चिंगराजपारा, तिलकनगर और शनिचरी में बनेंगे तीन नए एसटीपी, लेकिन मंजूरी नहीं

शहर के रिहायशी क्षेत्रों से 70 नाले, नालियों का गंदा पानी अरपा नदी में पहुंचता है। निगम ने इसकी सफाई के लिए 285 करोड़ का प्लान हाईकोर्ट में पेश किया है, जिसमें शहर अरपा में 4 एसटीपी बनाए जाने की बात है। निगम का दावा है कि मार्च 2026 तक चारों एसटीपी पूरे हो जाएंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इसमें 30 करोड़ की लागत से मंगला में 2 और कोनी व जवाली नाला पर 1-1 एसटीपी के निर्माण का कार्य अंतिम चरणों में है। अब इसके साथ ही निगम ने तीन और एसटीपी बनाने का फैसला लिया है।

इसमें चिंगराजपारा में 40 एमएलडी का, तिलकनगर में 4 एमएलडी का और शनिचरी में 8 एमएलडी का एसटीपी बनाया जाएगा। इसके लिए 103 करोड़ रुपए का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। अनुमति मिलने के बाद टेंडर और वर्क आर्डर किया जाएगा। हालांकि 4 महीने बाद भी शासन से स्वीकृति नहीं मिली है। इस पूरे प्रोजेक्ट का डीपीआर पूणे की कंपनी ब्लू स्ट्रीम इंफ्रा जेवलपमेंट कंस्लटेंट ने बनााया है। देखा जाए तो हाईकोर्ट ने पहल न की होती तो अरपा को प्रदूषण से मुक्त कराने, नदी में 12 महीने जल का प्रवाह बनाए रखने के लिए बैराज, एनीकट के निर्माण और उद्गम स्थल की भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू नहीं होती। इसमें तेजी तो आई है लेकिन अभी भी इसके लिए जमीनी कार्यवाही तेज करनी होगी। फिलहाल तो करीब 4 करोड़ लीटर गंदा पानी रोज नदी में बह रहा है। शहर के नाले, नाली, सीवरेज प्रोजक्ट, कचरा, मलबा सब अरपा नदी में गिर रहे हैं।

- 30 करोड़ की लागत से मंगला में 2 और कोनी व जवाली नाला पर 1-1 एसटीपी पहले ही बनाए जा रहे

### अरपा में इस तरह फैल रही गंदगी

- ❒ नगर निगम जवाली नाले सहित 70 नाले, नालियों का पानी बिना ट्रीटमेंट के अरपा में बहा रहा है
- ❒ सीवरेज प्रोजेक्ट का गंदा पानी दोमुंहानी और चिल्हाटी स्थित ट्रीटमेंट प्लांट से नदी में प्रवाहित हो रहा
- ❒ कुदुदंड, कोनी, गोंड़पारा, जूना बिलासपुर, तोरवा आदि स्थानों पर नदी में कचरा, मलबे की डंपिंग की जा रही है
- ❒ निगम का नल जल विभाग प्रतिदिन 40 एमएलडी पानी शहरवासियों को सप्लाई करता है, इसका 90 फीसदी हिस्सा टायलेट से होकर अरपा में लौट जाता है

### अरपा की यह योजनाएं अधूरी

- ❒ अरपा के शिवघाट और पचरीघाट में पानी रोकने के लिए बैराज निर्माण का कार्य अपूर्ण
- ❒ पेंड्रा के अमरपुर में उद्गम स्थल के संरक्षण, जलकुंड के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रियाधीन
- ❒ बिलासपुर में शहर में नदी में पहुंचने वाले 70 नाले, नालियों के गंदे पानी के ट्रीटमेंट का लक्ष्य अधूरा
- ❒ अरपा में कचरा, मलबा की डंपिंग लगातार जारी

### चिल्हाटी और दोमुंहानी में भी सफाई नहीं

चिल्हाटी और दोमुंहानी स्थित दो एसटीपी से भी शत प्रतिशत गंदे पानी का उपचार नहीं हो पा रहा है। इसकी क्षमता 71 एमएलडी की है। इससे अरपा में नगर निगम एरिया में पहुंचने वाले करीब 70-80 फीसदी गंदे पानी की सफाई की जा सकेगी। हालांकि फिलहाल इनके चिल्हाटी स्थित 17 एमएलडी क्षमता के एसटीपी के जरिए 15.50 एमएलडी और 54 एमएलडी क्षमता वाले दोमुंहानी के प्लांट से मात्र 24 एमएलडी जल मल की सफाई की जा रही है। जाहिर है कि नालों के जरिए हर दिन नदी में पहुंचने वाला करोड़ों लीटर गंदा पानी अरपा को निरंतर प्रदूषित कर रहा है।

### शत प्रतिशत सफाई की योजना

अरपा में पहुंचने वाले गंदे पानी की शत प्रतिशत सफाई के लिए ब्लू स्ट्रीम कंपनी द्वारा 103.69 करोड़ रुपए की कार्ययोजना पेश की गई है। इसका परीक्षण कर तकनीकि प्रकोष्ठ द्वारा अनुमोदित किया गया है। अरपा में जा रहे गंदे पानी की सफाई के लिए निगम ने तीन और एसटीपी बनाने का फैसला लिया है। इसमें चिंगराजपारा में 40 एमएलडी का, तिलकनगर में 4 एमएलडी का और शनिचरी में 8 एमएलडी का एसटीपी बनाया जाएगा।

**- राजकुमार मिश्रा**, चीफ इंजीनियर, नगर

## मस्तूरी गोलीकांड

# सरगना सहित 4 आरोपी 3 दिन की पुलिस रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मस्तूरी जनपद उपाध्यक्ष एवं उनके सहयोगियों पर 14 से 15 राउंड फायरिंग कर हत्या करने की कोशिश करने वाले सरगना सहित 4 आरोपियों को पूछताछ के लिए 3 दिन की पुलिस रिमांड लिया गया है। इधर दूसरे दिन भी योजना में फंडिंग करने वाले कांग्रेस नेता का पुलिस सुराग नहीं लगा पाई है। आरोपियों से पिस्टल, कट्टा, जिंदा कारतूस व मुख्य सरगना के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

- षड्यंत्र करने वाले कांग्रेस नेता का दूसरे दिन भी सुराग नहीं

ज्ञात हो 28 अक्टूबर की शाम 6 बजे मस्तूरी पुराना बस स्टैण्ड के पास आफिस के सामने बैठे मस्तूरी जनपद उपाध्यक्ष किरारी निवासी नितेश सिंह ठाकुर व उनके सहयोगियों पर बाइक से आए नकाबपोशों ने हत्या करने की नीयत से 14 से 15 राउंड फायरिंग की थी। नितेश सिंह ने अपने लाइसेंसी हथियार से बचाव के लिए फायरिंग की तो डर से नकाबपोश भाग गए थे। 29 अक्टूबर को पुलिस ने दो नाबालिग सहित 7 आरोपियों को पकड़कर 2 देशी पिस्टल, 1 देशी कट्टा, 5 मैग्जीन, 4 जिंदा कारतूस बरामद किया था। 30 अक्टूबर को मस्तूरी पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर सरगना सहित 4 आरोपियों को पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड की मांग की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ने आरोपी सरगना मोहतरा निवासी विश्वजीत अनंत, उसके भाई अरमान अनंत, चाहत उर्फ विक्रमजीत, मोहम्मद मुस्तकीम उर्फ नफीस को 3 दिन की रिमांड में पुलिस को सौंप दिया गया है। चारों को गोपनीय जगह में रखकर टीम में शामिल पुलिस अधिकारियों के द्वारा योजना में शामिल अन्य आरोपियों व भारी मात्रा में जब्त हथियार, जिंदा कारतूस के संबंध में पूछताछ करने में लगी हुई है। बहरहाल रिमांड में पूछताछ के बाद पर्दे के पीछे षड़यंत्रकारी के बेनकाम होने की संभावना जताई जा रही है।

### 2 साल पहले पड़ी थी डकैती

2 साल पहले फरार आरोपी कांग्रेसी नेता दर्रीघाट निवासी तारकेश्वर पाटले के घर में दिनदहाड़ डकैती की वारदात हुई थी। उसका मुख्य रूम से दर्रीघाट क्षेत्र में जमीन खरीदी बिक्री काम है। मस्तूरी एरिया में नितेश सिंह का दखल होने से उसका कारोबार उस क्षेत्र में आगे नहीं बढ़ पा रहा था। इसलिए उसे रास्ते से हटाने के लिए विरोधी विश्वजीत का सहारा लेकर हत्या कराने की कोशिश की गई है।

### तारकेश्वर की तलाश

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, दर्रीघाट निवासी कांग्रेसी नेता तारकेश्वर पाटले ने विश्वजीत एवं उसके साथियों को नितेश सिंह एवं उसके सहयोगियों की हत्या करने के लिए 1 लाख रुपए दिया था। बहरहाल दूसरे दिन भी पुलिस तारकेश्वर पाटले को नहीं पकड़ पाई है।

### तोरवा क्षेत्र के गुण्डा बदमाश का करीबी

फरार कांग्रेसी नेता तारकेश्वर पाटले तोरवा क्षेत्र के एक गुण्डा बदमाश का बहुत करीबी है। उसके ही सह में वह दर्रीघाट क्षेत्र में जमीन खरीदी बिक्री व नेतागिरी करता है। कहा जा रहा है तारकेश्वर के पकड़े जाने के बाद गोलीकांड के पीछे का पुरा रहस्य सामने आ जाएगा। गोलीकांड को अंजाम देने के पीछे किसका हाथ था। किसने आरोपियों को भारी संख्या में हथियार व जिंदा कारतूस उपलब्ध कराया है।

# युवती से अनाचार, मर्चेंट नेवी के इंजीनियर पर जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हवाई जहाज में जान पहचान बनाने के बाद मर्चेंट नेवी के इंजीनियर ने युवती को शादी करने का झांसा देकर अनाचार किया। शादी करने का दबाव बनाने पर फोटो वायरल धरने की धमकी देने लगा। पुलिस ने इंजीनियर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, रांची की रहने वाली एक युवती सरकण्डा क्षेत्र में किराए के मकान में रहकर प्राइवेट काम करती हैं। पूर्व में वे दिल्ली एयरपोर्ट से हवाई जहाज से रांची जा रही थीं। सफर के दौरान हवाई जहाज में उनकी मुलाकात रांची निवासी मर्चेंट नेवी के थर्ड इंजीनियर रोशन कुमार सिन्हा से मुलाकात हुई। रांची एयरपोर्ट में टैक्सी बुक करने के लिए उन्होंने मोबाइल निकाला तो मोबाइल बंद हो गया था। उन्होंने रोशन कुमार सिन्हा से मोबाइल लेकर टैक्सी बुक किया और अपनी घर चली गईं। उसके बाद दोनों मोबाइल में बातचीत करने लगे। इसी दौरान रोशन कुमार सिन्हा शहर आया और युवती के किराए के मकान में जाकर उसके मांग में सिंदूर भरकर पत्नी बनाने की बात कही और शारीरिक संबंध बनाया और कुछ अश्लील फोटो अपने मोबाइल में रख लिया गया। इस तरह से उनके बीच कई बार संबंध स्थापित हुआ। युवती ने शादी करने का दबाव बनाया तो जाति का हवाला देते हुए उसने शादी करने से इनकार कर दिया। युवती ने रांची उसके घर जाकर शादी करने की गुहार लगाई तो युवक उनके साथ गाली गलौज कर अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देने लगा।

पीड़ित युवती ने घटना की रिपोर्ट पर सरकण्डा थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर इंजीनियर रोशन कुमार सिन्हा के खिलाफ धारा 376, 2, 506 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है आरोपी बैंगलोर में काम कर रहा है। पुलिस आरोपी को नहीं पकड़ पाई है।

## अब 89 सीटों पर होगी एमडी व एमएस की पढ़ाई

# सिम्स में पीजी की कक्षाएं शुरू करने मिली अनुमति



- एनएमसी से 7 विषयों में पीजी सीटों की स्वीकृति
- 68 सीटें में अब 21 सीटों का इजाफा, अब 89 सीटों पर होगा एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाल ही में राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग द्वारा सिम्स समेत प्रदेश के कई मेडिकल कालेजों में सीटों की बढ़ोत्तरी की गई थी, लेकिन बिना लेटर ऑफ परमिशन के एडमिशन नहीं किया जा सकता था, गुरूवार को एनएमसी द्वारा इस संबंध में पत्र प्राप्त हो चुका है। ऐसे में एमडी व एमएस के पीजी कक्षाओं के लिए इस साल एडमिशन किया जा सकेगा, कुल 89 सीटों पर एडमिशन होना तय हो चुका है।

एनएमसी ने छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान सिम्स को शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए सात विषयों में पीजी सीटों की स्वीकृति प्रदान की है। इस स्वीकृति के बाद संस्थान की सीटें 68 से बढ़कर अब 89 हो गई हैं। गुरूवार को एनएमसी के लेटर ऑफ परमिशन मिलने ने संस्थान के इन्फ्रास्ट्रक्चर, मानव संसाधन, शिक्षण संकाय और अस्पताल सेवाओं के विस्तृत मूल्यांकन किया है। इस तरह से 7विषयों में इस बार पीजी की कक्षाएं शुरू होगी, इनमें से कुछ विषयों में पहली बार पीजी की सीट मिली है।

### राज्य में मिली हैं 61 नई सीटें

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों में एमडी-एमएस की 61 नई सीटों को मंजूरी दी है। नई सीटों के जुड़ने के बाद अब राज्य में कुल 377 सरकारी पीजी सीटें हो गई हैं, जो पहले 316 थीं। वहीं, निजी कॉलेजों में 186 सीटें हैं।

| विषय | पूर्व सीटें | स्वीकृत नई सीटें | कुल सीटें |
|---|---|---|---|
| रेडियो डाग्नोसिस | 0 | 3 | 3 |
| एनेस्थिसिया | 4 | 4 | 8 |
| कम्यूनिटी मेडिसीन | 1 | 4 | 5 |
| माइक्रोबायोलॉजी | 3 | 2 | 5 |
| इएनटी | 2 | 2 | 4 |
| अब्टेट्रिक्स एंड गायनोकोलॉजी | 2 | 4 | 6 |
| पेयाड्रिक | 4 | 2 | 6 |

### बड़ी उपलब्धि

सिम्स के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। स्वीकृति से प्रदेश के स्टूडेंट को उच्च चिकित्सा शिक्षा के अधिक अवसर मिलेंगें। यह हमारे विभागों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है।

**-डॉ. रमणेश मूर्ति**, अधिष्ठाता

### सेवाएं सशक्त होंगी

पीजी सीटों में वृद्धि से अस्पताल की शिक्षण और चिकित्सा सेवाएँ और अधिक सशक्त होंगी। मरीजों को भी बेहतर उपचार मिलेगा और हमारी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी।

**-डॉ. लखन सिंह**, चिकित्सा

## खबर संक्षेप

### धन गुरु नानक दरबार से प्रभात फेरी निकाली गई



**बिलासपुर।** धन गुरु नानक दरबार से आज प्रभात फेरी निकाली गई। सिंधी कॉलोनी से होते हुए संजीवनी अस्पताल से होकर कारगिल चौक कारगिल चौक से दरबार साहब वापस आई। कल प्रभात तेरी दरबार साहब से आरंभ होकर सिंधी कॉलोनी से मंदिर चौक, राजीव गांधी चौक पेट्रोल पंप से कुम्हारपारा रोहिणी बिहार, प्रियदर्शनी नगर से विनोबा नगर गायत्री मंदिर चौक पर समाप्त होगी। सभी श्रद्धालुओं से इस गुरु के प्रभात फेरी में शामिल होकर लाभ प्राप्त करने का अनुरोध किया गया है।

### रमन विश्वविद्यालय में नेहा को दी पीएचडी की उपाधि



**बिलासपुर।** सीवी रमन विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में नेहा मित्रा को संस्कृत वाल्मीकि रामायण में तप का स्वरूप एवं प्रभाव एक समीक्षात्मक अध्ययन में पीएचडी की उपाधि राज्यपाल रमेन डेका के हाथों प्राप्त हुआ है।

### रितिका एवं अर्चना का चयन राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शन के लिए



**बिलासपुर।** जिले में छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा राज्य शैक्षिक एवं अनुसंधान परिषद रायपुर द्वारा दो दिवसीय संभाग स्तरीय विज्ञान मेला एवं प्रदर्शन मॉडल की प्रदर्शनी शासकीय उन्नत शिक्षण संस्थान बिलासपुर में आयोजित किया गया। यह प्रदर्शनी विकसित और आत्मनिर्भर भारत विषय पर केंद्रित था। जिसके अंतर्गत विज्ञान के पांच आयामों पर आधारित था जैसे सतत कृषि अपशिष्ट प्रबंधन हरित ऊर्जा उभरती हुई प्रौद्योगिकियां स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मनोरंजन गणित मॉडल जल संरक्षण व प्रबंधन और अन्य विद्या की प्रस्तुति विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित किया गया था। इसी के अंतर्गत पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय चकरभाठा के व्याख्याता मनोज कुमार यादव ने बताया कि हरित ऊर्जा वर्ग में रितिका मेश्राम के मॉडल को तृतीय स्थान एवं जल संरक्षण वह प्रबंधन वर्ग में अर्चना सूर्यवंशी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। यह दोनों विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी के लिए चयनित हुए हैं। विनय कुमार तिवारी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहतराई एवं मनोज कुमार यादव पीएमश्री सेजेस चकरभाठा दोनों को जोन प्रभारी बनाया गया है। इनके द्वारा 43 चयनित बाल वैज्ञानिकों को राज्य स्तर ले जाया जाएगा।

### ट्रस्ट की जमीन एग्रीस्टेक पंजीयन की बाध्यता से बाहर

**बिलासपुर।** किसी संस्थान के पास अगर ट्रस्ट के नाम पर खेती की जमीन है, जिसमें धान की पैदावार होती हो तो ऐसे संस्थानों को सिर्फ सहकारी समितियों में ही पंजीयन के बाद समर्थन मूल्य पर धान बेचने की अनुमति होगी। एग्रीस्टेक पोर्टल में कोई विकल्प नहीं होने के कारण ट्रस्ट की जमीनों को एग्रीस्टेक पंजीयन की बाध्यता से बाहर रखा गया है। एग्रीस्टेक पंजीयन को लेकर सरकार द्वारा लगातार बीच का रास्ता निकाला जा रहा है ताकि तकनीकी दिक्कतों के चलते किसी किसान को समर्थन मूल्य पर धान बेचने से वंचित न होना पड़े। शासन द्वारा इसके अंतर्गत ट्रस्ट की जमीनों को लेकर भी एक अच्छा निर्णय लिया गया है। प्रदेश में ऐसे अनेक संस्थान हैं, जिनके नाम पर ट्रस्ट की सैकड़ों एकड़ खेती भूमि है, लेकिन इस भूमि का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन का कोई विकल्प नहीं होने के कारण इन्हें समर्थन मूल्य पर धान बेचने से वंचित होना पड़ता। यही कारण है कि शासन द्वारा ट्रस्ट की जमीन पर लिए गए धान के उत्पादन को समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन की बाध्यता से बाहर रखा गया है। खाद्य नियंत्रक अमृत कुजूर ने बताया कि अगर किसी संस्थान की ट्रस्ट के नाम पर खेती की जमीन है, तो जमीन पर लिए गए धान के उत्पादन को बेचने के लिए एग्रीस्टेक पंजीयन की बाध्यता नहीं रहेगी। केवल समितियों में किसान पंजीयन के आधार पर ही समर्थन मूल्य पर धान बेचा जा सकेगा।

### बाल विवाह रोकथाम के लिए शादी सेवा प्रदाताओं से प्रशासन की अपील

**बिलासपुर।** जिला प्रशासन ने जिले के समस्त शादी सेवा प्रदाताओं पंडित, काजी, मौलवी, फादर, पादरी, प्रीस्ट, ग्रंथी, वैवाहिक पत्रिका प्रिंटर्स, टेंट संचालक, शादी भवनों के प्रबंधक, कैटरर्स, लाइटमेन, बैंड, डीजे संचालक, डेकोरेटर्स, मिठाई दुकान संचालक, पार्लर संचालक एवं ज्वेलरी दुकान संचालकों से बाल विवाह रोकथाम में सहयोग करने की अपील की है। महिला एवं बाल विकास अधिकारी ने बताया कि बाल विवाह न केवल एक सामाजिक बुराई है, बल्कि कानूनन अपराध भी है, जिससे बच्चों का शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास प्रभावित होता है। बाल विवाह के कारण बच्चों में कुपोषण, शिशु-मृत्यु दर, मातृ-मृत्यु दर और घरेलू हिंसा जैसी समस्याएँ बढ़ती हैं। विवाह के लिए बालक की न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं बालिका की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होना अनिवार्य है। कोई भी बाल विवाह को संपन्न, संचालित, निर्दिष्ट या प्रेरित करेगा, उसे दो वर्ष तक का कठोर कारावास या एक लाख रुपये तक के जुर्माने से दंडित किया जाएगा।

# 13 हजार गरीबों के घर जलेंगे उज्ज्वला के चूल्हे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




प्रधानमंत्री उज्जवला योजना अंतर्गत गैस चूल्हा वितरण का तीसरा चरण प्रारंभ होने वाला है। इसके अंतर्गत जिले को इस बार 13 हजार से अधिक कनेक्शन देने का टारगेट प्राप्त हुआ है। इससे पहले जिले के 2.94 लाख लोगों को इस योजना के अंतर्गत उज्जवला कनेक्शन प्राप्त हो चुके हैं।

प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत गरीब हितग्राहियों को गैस कनेक्शन आबंटित करने का काम जल्द ही प्रारंभ किया जाएगा। इससे पहले कलेक्टर के निर्देशानुसार खाद्य विभाग द्वारा जिले की 30 गैस कंपनियों के प्रतिनिधियों की बैठक ली गई। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले को इस योजना के तहत इस साल 13 हजार 761 हितग्राहियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य मिला है, जिन्हें शिविर लगाकर प्रकरण तैयार करने और हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए है। इस दौरान कहा गया कि पात्र हितग्राहियों के दस्तावेजों का सत्यापन पंचायतों के साथ समन्वय बनाकर वितरण की प्रक्रिया में लक्ष्य की प्राप्ति की जाए और वितरण कार्य में पारदर्शिता एवं जवाबदेही भी सुनिश्चित की जाए।

इसी तरह खाद्य विभाग के अधिकारियों को आवेदन, फॉलोअप और पात्र हितग्राहियों को शीघ्रता से गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। हितग्राहियों को आवेदन पत्र में दी गई जानकारी की जांच के बाद ही कनेक्शन प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही नई गाइडलाईन के अनुसार हितग्राहियों को नए आवेदन प्रस्तुत करने होंगे। उज्ज्वला योजना के अंतर्गत वितरण की जानकारी ग्राम पंचायतों में सूचना पटल एवं स्थानीय माध्यमों से सार्वजनिक करने को भी कहा गया है ताकि कोई पात्र परिवार योजना से वंचित न रह जाए। जिले में अब तक 2 लाख 94 हजार से अधिक परिवारों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ दिया जा चुका है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 के अंतर्गत जिले में 13 हजार 761 नए गैस कनेक्शन जारी करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

### एजेंसी संचालकों की बैठक ली गई है

जिले में 13 हजार 761 नए उज्जवला गैस कनेक्शन देने का टारगेट मिला है। पात्र हितग्राहियों का चयन करने एवं पात्र हितग्राहियों के बीच योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने व निर्धारित अवधि में आबंटन के लिए खाद्य विभाग के अधिकारियों के अलावा करीब 30 गैस एजेंसी संचालकों की बैठक आयोजित की गई थी।

-अमृत कुजूर, खाद्य नियंत्रक

# स्थापना दिवस पर मिलेगा नए घर का तोहफा



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर पूरे प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

इस अवसर पर रायपुर के अटल नगर में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली रूप से 3.5 लाख से अधिक हितग्राहियों का सांकेतिक गृह प्रवेश कराएंगे। इनमें बिलासपुर जिले के लगभग 17 हजार 839 हितग्राही शामिल हैं, जिनके मकानों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। राज्य स्थापना दिवस पर जिले की सभी ग्राम पंचायतों में एक साथ सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम होगा। इस दौरान नवनिर्मित घरों को दीयों, रंगोली और पारंपरिक साज-सज्जा से सजाया जाएगा। लाभार्थियों को खुशियों की चॉबी, आभार पत्र और स्मृति चिन्ह भी प्रदान किए जाएंगे। कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में कार्यक्रम को हर्षोल्लास के साथ मनाने की रूपरेखा तैयार कर ली गई है।

स्थापना दिवस पर सर्वश्रेष्ठ सेवा देने का संकल्प, डाक्टर्स व स्टाफ का सम्मान

# सुपर स्पेसिलिटी हॉस्पिटल ने जीता जनता का भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोनी स्थित स्व. दिलीप सिंह जूदेव सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने बुधवार को अपना पहला स्थापना दिवस मनाया। एक वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा उद्घाटित इस अस्पताल ने 12 महीनों में चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण मुकाम हासिल किया है।

समारोह में वर्ष भर विशिष्ट सेवा देने वाले डाक्टर्स एवं स्टाफ का सम्मान किया गया। सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के पहले स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह में डाक्टरों, स्टाफ और अतिथियों ने एक वर्ष की उपलब्धियों को साझा किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत से हुआ, जिसे राजकुमारी ने प्रस्तुत किया। मंच संचालन डा.श्रीजीता साहू और आशीष शुक्ला ने किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री डा.कृष्णमूर्ति बांधी, सिम्स के डीन डॉ रमनेश मूर्ति, एम एस डॉ लखन सिंह, डा.विनोद तिवारी,धर्मेंद्र दास, प्रवीण शुक्ला,डा.सुनील गुप्ता, चंद्रशेखर बघेल, डा.भानु प्रताप सिंह, स्टाफ नर्स विनीता पटले, आराधना दास, राजकुमारी हिरवानी, ज्योति बंसोड़ और दुर्गा कंवर उपस्थित रहे।

सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में अब न्यूरो सर्जरी, कार्डियोलाजी, प्लास्टिक सर्जरी, पीडियाट्रिक सर्जरी, न्यूरोलाजी जैसी सेवाएं उपलब्ध हैं। अत्याधुनिक सीटी स्कैन, एमआरआई, डायलिसिस और ट्रेडमिल जैसी मशीनें यहां स्थापित की गई हैं। कम खर्च में गुणवत्तापूर्ण इलाज मिलना इस अस्पताल की सबसे बड़ी उपलब्धि है।




### एक साल में 12 हजार से अधिक मरीजों का इलाज : सिंह

हॉस्पिटल के सह-चिकित्सा अधीक्षक डा.बीपी. सिंह ने बताया कि पहले दिन केवल 10 मरीज पहुंचे थे, जबकि एक साल में 12 हजार से अधिक मरीजों का इलाज किया जा चुका है। शुरुआत में केवल दो यूनिट थीं। अब बढ़कर 11 विभाग हो गए हैं। जिनमें कार्डियोलाजी, नेफ्रोलाजी, यूरोलाजी, न्यूरोलाजी और रेडियोलाजी प्रमुख हैं। अब यहां सीटी स्केन, एमआरआई, ट्रेडमिल और डायलिसिस जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। मुख्य अतिथि डा.कृष्णमूर्ति बांधी ने कहा कि यह अस्पताल अब एम्स स्तर की सेवाएं दे रहा है। डा. विनोद तिवारी और धर्मेंद्र दास ने भी अस्पताल की उपलब्धियों को सराहा। स्थापना दिवस में लोक पारंपरिक नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने माहौल को उत्सवमय बना दिया।

### एक साल का ब्यौरा

| जांच प्रक्रिया का नाम | कुल संख्या |
|---|---|
| यूरोलाजी विभाग में माइनर प्रोसीजर | 49 |
| 2-डी इको की संख्या | 495 |
| ईसीजी की संख्या | 1,490 |
| टी.एम.टी की संख्या | 69 |
| एक्स-रे की संख्या | 2,083 |
| सीटी-स्कैन की संख्या | 675 |
| सोनोग्राफी की संख्या | 665 |
| एमआरआइ की संख्या | 244 |
| लैबोरेटरी जांच (पैथोलाजी जांच सहित) | 14,781 |
| बायोकैमिस्ट्री जांच की संख्या | 31,405 |
| माइक्रोबायोलाजी जांच की संख्या | 2,860 |

### विभागों में पहुंचे मरीजों की संख्या

| विभाग का नाम | मरीजों की संख्या |
|---|---|
| न्यूरोलाजी विभाग | 2,632 |
| न्यूरोसर्जरी विभाग | 4,174 |
| यूरोलाजी विभाग | 2,583 |
| कार्डियोलाजी विभाग | 1,198 |
| रेस्परेटरी मेडिसिन विभाग | 985 |
| जनरल मेडिसिन विभाग | 3,749 |
| एक साल में हुए आपरेशन | 257 |
| कुल यूनिट्स (जो केयर में संचालित हो रही हैं) | 28 |

# प्रथम हॉस्पिटल में मनाया गया विश्व स्ट्रोक दिवस




हेल्थ प्लस

**बिलासपुर।** विश्व स्ट्रोक दिवस के पर प्रथम हॉस्पिटल में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका नेतृत्व हॉस्पिटल के संचालक और न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. रजनीश पाण्डेय ने किया। जो शहर के जाने-माने स्ट्रोक विशेषज्ञ हैं और अब तक सैकड़ों स्ट्रोक रोगियों का सफलतापूर्वक उपचार कर चुके हैं। इस दौरान डॉ. पांडे ने बताया कि स्ट्रोक एक ऐसी चिकित्सा आपात स्थिति है जिसमें मस्तिष्क की रक्त आपूर्ति रुक जाती है या रक्तस्राव हो जाता है। यह दुनिया में मृत्यु और विकलांगता का एक प्रमुख कारण है, लेकिन समय पर इलाज मिलने पर रोगी की जान बचाई जा सकती है और उसे सामान्य जीवन में वापस लाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि स्ट्रोक के शुरुआती लक्षणों की पहचान कर तुरंत अस्पताल पहुंचना ही सफल इलाज की कुंजी है। प्रथम हॉस्पिटल में अत्याधुनिक स्ट्रोक यूनिट, इमरजेंसी सेवा और आधुनिक तकनीकों की सुविधा उपलब्ध है, जिससे गंभीर मामलों में भी रोगियों को जीवनदान मिल रहा है। मरीजों और उनके परिजनों ने भी अपने अनुभव साझा किए। कई मरीजों ने बताया कि डॉ. रजनीश पाण्डेय और उनकी टीम के समय पर उपचार से उन्हें नई जिंदगी मिली। डॉ. रजनीश पाण्डेय ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाएँ, नियमित स्वास्थ्य जांच करवाएँ और स्ट्रोक के लक्षणों को कभी नजरअंदाज नहीं करने की अपील की है।

एजुकेशन प्लस

# चौकसे कॉलेज में साइबर अपराध केस स्टडी पर अतिथि व्याख्यान



**बिलासपुर।** चौकसे कॉलेज में साइबर अपराध एवं वर्तमान परिप्रेक्ष्य विषय पर एक विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें बढ़ते डिजिटल उपयोग के साथ साइबर सुरक्षा का महत्व बताया गया। व्याख्यान में एक वर्तमान केस स्टडी के माध्यम से वास्तविक स्थितियों एवं साइबर अपराधियों द्वारा अपनाई जाने वाली तकनीकों को छात्रों के सामने प्रस्तुत किया गया।

मुख्य वक्ता डॉ. प्राची दिवान ने बताया कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर छोटी-सी असावधानी भी बड़े आर्थिक और व्यक्तिगत नुकसान का कारण बन सकती है। उन्होंने छात्रों को बताया कि फिशिंग, सोशल इंजीनियरिंग, फर्जी कॉल, ऑनलाइन फ्रॉड, बैंकिंग ओटीपी धोखाधड़ी, पहचान चोरी और सोशल मीडिया ब्लैकमेल जैसे अपराध किस तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि किस प्रकार एक युवक के सोशल मीडिया अकाउंट को हैक करके उसकी निजी जानकारी का दुरुपयोग किया गया और फिर उसे आर्थिक नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया। इस घटना के समाधान की प्रक्रिया और कानूनी मदद के तरीकों पर भी जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम डॉ. स्वाति अग्रवाल की निगरानी में संपन्न हुआ। कॉलेज प्रबंध निदेशक डॉ. आशीष जायसवाल ने कहा कि आज के तकनीकी युग में साइबर जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। आज के डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि हमारी व्यक्तिगत और सामाजिक सुरक्षा का महत्वपूर्ण आधार है। ऐसे व्याख्यान छात्रों को न सिर्फ जागरूक बनाते हैं, बल्कि उन्हें जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं। प्राचार्य डॉक्टर मंतोष कुमार सिन्हा ने कहा कि साइबर अपराध आज केवल तकनीकी चुनौती नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता का विषय बन गया है। ऐसे में यह आवश्यक है कि हमारे छात्र केवल स्मार्टफोन या इंटरनेट का उपयोग करना ही न सीखें, बल्कि सुरक्षित और जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार भी अपनाएँ। रजिस्ट्रार आशुतोष पांडे ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि यहाँ उपस्थित सभी छात्र इस सत्र से महत्वपूर्ण सीख लेकर आगे अपने जीवन में सतर्क रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन सुश्री हेमा बिस्वास ने किया।

# सीएमडी कॉलेज से निकाली गई यूनिटी मार्च रैली



**बिलासपुर।** सीएम दुबे स्नातकोत्तर महाविद्यालय में "राष्ट्रीय एकता दिवस" एवं "साइबर सुरक्षा दिवस" का संयुक्त आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ. संजय दुबे ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर फ्रॉड की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं, जिनका शिकार आम नागरिक हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अपराधी नकली पुलिस या अधिकारी बनकर फोन कॉल से डराने-धमकाने का प्रयास करते हैं। किसी भी प्रकार की साइबर ठगी की सूचना टोल फ्री नंबर 1930 पर दी जा सकती है। रैली में राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने "एक भारत, श्रेष्ठ भारत", "हम सब एक हैं", जैसे नारों के माध्यम से एकता और अखंडता का संदेश दिया। थाना प्रभारी तारबहार कृष्णचद सिदार ने कहा कि आज इंटरनेट और मोबाइल फोन आम आदमी के जीवन का अभिन्न अंग बन चुके हैं। साइबर अपराधी इन्हीं माध्यमों से लोगों को निशाना बनाते हैं। वे ओटीपी या किसी लिंक के माध्यम से बैंक खाते से धन निकाल लेते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और किसी को भी ओटीपी साझा न करें।

इस कार्यक्रम में सब इंस्पेक्टर रामनरेश यादव, राहुल राजपूत, रूपलाल चंद्रा, एन.सी.सी अधिकारी रोहित लहरे, एनएसएस अधिकारी डॉ. केके शुक्ला, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। रस्सी खींच प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें डी.एल.एड. एवं एनसीसी की टीमों ने विजय प्राप्त की। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य डॉक्टर संजय सिंह, डॉ. के.के. शुक्ला, नीलू शर्मा, संगीता ताम्रकार, रोहित लहरे, रामेश्वर पटेल, प्रशांत गुप्ता सोमिल मिश्रा एवं नरेन्द्र टण्डन का विशेष योगदान रहा।

# एसईसीएल ने लगाए 43 बायो टॉयलेट



**बिलासपुर।** एसईसीएल ने अपने खनन क्षेत्रों में कार्यस्थलों पर स्वच्छता, समावेशिता और सतत विकास को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

कंपनी ने भारत सरकार के स्पेशल कैम्पेन 5.0 के अंतर्गत कुल 43 बायो टॉयलेट्स स्थापित किए हैं। इस पहल के तहत सोहागपुर क्षेत्र में 16 और भटगांव क्षेत्र में 27 बायो टॉयलेट्स का लोकार्पण किया गया। इन आधुनिक शौचालयों की स्थापना से खनन क्षेत्रों में स्वच्छता अवसंरचना को सुदृढ़ करने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिला है। बायो टॉयलेट्स अपशिष्ट प्रबंधन की आधुनिक तकनीक पर आधारित हैं, जिनमें अपशिष्ट को सूक्ष्मजीव क्रिया के माध्यम से जल एवं गैस में परिवर्तित किया जाता है। इससे प्रदूषण में कमी आती है और जल संरक्षण को बढ़ावा मिलता है। सईसीएल की यह पहल स्वच्छ भारत अभियान की भावना से प्रेरित है और कार्यस्थलों पर स्वच्छ, सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण सृजित करने की दिशा में कंपनी के संकल्प को दर्शाती है। विशेष रूप से महिला कर्मियों के लिए यह कदम कार्यस्थल पर गरिमा और सुविधा सुनिश्चित करने में मील का पत्थर साबित होगा। एसईसीएल के अफसरों ने बताया कि स्पेशल कैम्पेन 5.0 भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग की देशव्यापी पहल है, जो 2 से 31 अक्टूबर 2025 तक आयोजित की जा रही है। इसके अंतर्गत मंत्रालयों और सार्वजनिक उपक्रमों में स्वच्छता, रिकॉर्ड प्रबंधन और लंबित प्रकरणों के निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

डॉ सीवी रमन विवि में तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का दूसरा दिन

# इच्छाओं का कोई अंत नहीं, इसलिए संतुष्टि की ओर विचार करें



**बिलासपुर।** डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास छत्तीसगढ़ प्रांत के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय में किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय कार्यशाला का विषय चरित्र निर्माण और व्यक्तित्व का समग्र विकास तथा विकसित भारत में आत्मनिर्भर भारत की भूमिका है। 29 से 31 अक्टूबर तक तीन दिनों तक चलने वाले इस राष्ट्रीय कार्यशाला देशभर से आए शिक्षाविद और विद्वान ने चरित्र निर्माण और व्यक्तित्व का समग्र विकास तथा विकसित भारत में आत्मनिर्भर अभियान की भूमिका पर अपने विचार रख रहे हैं।

दूसरे दिन मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता सौराष्ट्र विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति नीलांबरी दवे ने आनंदमय कोष के बारे में बताया। उन्होंने कहा आनंद का कोई विलोम शब्द नहीं होता। इसलिए व्यक्ति को आनंद में जीवन जीना चाहिए। उन्होंने बताया कि इच्छाओं का कोई अंत नहीं है। इसलिए संतुष्टि की ओर विचार करना चाहिए।

उन्होंने बताया है कि शांति तभी मिलती है, हम जब हम जीवन के हर पल को इंजॉय करें। उन्होंने कहा कि जीवन को पूर्ण श्रद्धा के साथ सहज रूप में बहने दिन यही आनंद में जीवन का मूल मंत्र है। कार्यक्रम में आचार्य शासकीय महाविद्यालय कोयंबटूर तमिलनाडु संतोष मुतथु भारतीय ज्ञान परंपरा में चरित्र निर्माण विषय पर अपने विचार साझा किया और आदर्श चरित्र को सर्वश्रेष्ठ बताया। इसी तरह राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान दिल्ली के अध्यक्ष डॉ चांद किरण सलूजा अन्यमय कोष और पढ़ाने की कला विषय पर अपने विचार रखें। मध्य भारत प्रांत के प्रान्त संयोजक धीरेंद्र सिंह भदौरिया विज्ञानमय कोष पर अपने विचार रखे।

### विद्वानों ने हमें जीवन के अनेक पहलुओं की जानकारी दी: कुलपति घोष

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि दो दिनों तक विद्वानों ने हमें जीवन के अनेक पहलुओं की जानकारी दी है। जो हमें जीवन में स्वीकार करना चाहिए। भारतीय ज्ञान परंपरा में चरित्र निर्माण और विज्ञानमय कोष की हर शब्द हमें जीवन में स्वीकार करना होगा। उन्होंने बताया कि आनंदमय कोष आज के जीवन में अत्यंत आवश्यक है। हम इस असंतोषी समय में आनंद को प्राप्त करें, यह जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। चरित्र निर्माण और समग्र विकास पर वकतव्य गुजरात से आयी शिक्षा विद प्रोफेसर रेखा पटेल ने उदबोधन दिया। कार्यक्रम में शिक्षा संस्कृति नयास शोध प्रकल्प के क्षेत्र संयोजक डा रजजन दिवेदी और वनवासी कल्याण समिति के श्री बृजेन्द्र शुक्ला भी उपस्थित रहे। स्वागत उद्बोधन कुल सचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने दिया। इस अवसर पर न्यासा शोध प्रकल्प के संयोजक विश्वविद्यालय की संकुलपति डॉ जयंती चटर्जी, प्राध्यापक शोधार्थी विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ अर्पिता केशरवानी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन संयोजक डॉ अनुपम तिवारी ने किया।

# एरीना के पिनैकल डिज़ाइन में बी. वॉक डिग्री प्रोग्राम में प्रवेश जारी

**बिलासपुर।** एरीना एनीमेशन बिलासपुर अकादमी ने विद्यार्थियों के लिए आधुनिक युग की आवश्यकताओं के अनुरूप गेम डिज़ाइन, यूआई/यूएक्स डिज़ाइन और जेनरेटिव एआई जैसे नवीनतम कोर्स प्रारंभ किए हैं। इन कोर्सों को विद्यार्थियों और अभिभावकों से अभूतपूर्व प्रतिक्रिया प्राप्त हो रही है।

एरीना एनीमेशन, बिलासपुर अकादमी के प्रबंध निदेशक संदीप गुप्ता ने बताया कि पिनैकल डिज़ाइन एरीना के अंतर्गत बी.वॉक डिग्री प्रोग्राम में भी प्रवेश जारी हैं। इस डिग्री कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को एरीना एनीमेशन का ड्यूल सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा। यह कोर्स तीन प्रमुख विषयों—एनीमेशन, इंटीरियर डिज़ाइन और फैशन डिज़ाइन—में उपलब्ध है, जो विद्यार्थियों को एक समग्र और उद्योग-उन्मुख प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। विद्यार्थियों के उत्साह और सुविधा को ध्यान में रखते हुए संस्थान ने हाल ही में एक विशेष योजना "1+1 फ्री स्कीम प्रारंभ की है। इस योजना के अंतर्गत किसी भी एक कोर्स में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी को एक अतिरिक्त कोर्स निःशुल्क प्रदान किया जा रहा है। यह सीमित सीटों और सीमित अवधि के लिए उपलब्ध है और विद्यार्थियों के लिए अपने करियर को अधिक बहुआयामी और अवसरपूर्ण बनाने का सुनहरा अवसर है। एरीना एनीमेशन बिलासपुर अकादमी की सबसे बड़ी उपलब्धि इसका उत्कृष्ट प्लेसमेंट रिकॉर्ड है। यहाँ से प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और कौशल के दम पर शीर्ष कंपनियों में कार्य कर अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाई है। वहीं भारत के प्रमुख मेट्रो शहरों की नामी प्रोडक्शन हाउस, गेम डेवलपमेंट स्टूडियोज़, डिजिटल एजेंसियों और आईटी कंपनियों में भी पूर्व छात्र सफलतापूर्वक कार्यरत हैं।

बिलासपुर, शुक्रवार 31 अक्टूबर 2025

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



शिविर

## हर क्षेत्र में भगवान को रखें सामने : रूपेश





**बिलासपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सरकंडा शिव वरदानी भवन में दो दिवसीय योग साधना शिविर का आयोजन किया गया। इसमें माउंट आबू राजस्थान ज्ञान सरोवर से आए राजयोगी भ्राता रूपेश भाई ने योग कराया एवं अपने अंतरात्मा की गहराई व परमात्मा को जानने एवं उससे कनेक्ट होने के विषय में बताया।

कार्यक्रम का शुभारंभ ईश्वर की स्मृति व भाई रूपेश का स्वागत कर किया गया। भाईजी ने कहा कि यदि जीवन में आगे बढ़ना है तो भगवान को अपने जीवन का साथी बना लो और हर कार्य में, हर क्षेत्र में भगवान को सामने रखें और प्रतिज्ञा करें कि हम विजयी हैं। विजयी थे और विजयी रहेंगे। विजय हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है, तभी हमारी विजय होगी। दूसरे दिन के सत्र में उन्होंने दैवीय गुणों को स्पष्ट करते हुए कहा कि स्वयं को बदल लें तो दूसरा स्वतः बदल जाएगा। वाणी को वीणा बनाएं। उन्होंने अनेक गतिविधि आधारित योग कमेंट्री द्वारा योग का गहन अनुभव कराया। शिविर में लगभग 5 सौ भाई-बहनें उपस्थित थे।

आयोजन

## जनजातीय समाज जीवंत, सक्रिय और आधुनिक भारत की आत्मा का अंग




**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में "जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत, ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रांत संगठन मंत्री रामनाथ कश्यप उपस्थित रहे। अति विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में युवा कार्य प्रमुख अखिल भारतीय कल्याण आश्रम वैभव सुरंगें तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बृजेंद्र शुक्ला उपस्थित हुए। रामनाथ कश्यप ने कहा कि यहाँ के जनजातीय समाज में शेर बचाव" जैसी पारंपरिक व्यवस्थाएँ केवल वन्यजीव संरक्षण का प्रतीक नहीं हैं, बल्कि यह प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व की गहरी भावना को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि यहाँ व्यक्ति नहीं, बल्कि "हम" का भाव प्रमुख होता है। समाज और प्रकृति दोनों के हित को समान रूप से महत्व दिया जाता है। जनजातीय समाज आज भी जीवंत, सक्रिय और आधुनिक भारत की आत्मा का अभिन्न अंग है।

कार्यक्रम

## सिद्धचक्र महामंडल विधान में कुल 2040 अर्घ्य मंडप पर समर्पित किए



**बिलासपुर।** जैन धर्म में अष्टान्हिका महापर्व का बहुत महत्व है, कार्तिक मास के अष्टान्हिका महापर्व में आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर क्रांति नगर में सिद्धचक्र महामंडल विधान प्रारंभ हुआ। विश्व शान्ति की मंगल कामना से प्रारम्भ हुए इस अनुष्ठान को संपन्न कराने के लिए ललितपुर से बाल ब्रम्हचारी मनोज भैया उपस्थित है, जिनके ओजस्वी वाणी और शुद्ध उच्चारण के द्वारा सिद्धचक्र महामंडल विधान संपन्न कराया जा रहा है। टीकमगढ़ के राकेश म्यूजिकल ग्रुप के साथ विधानाचार्य बाल ब्रह्मचारी मनोज भैया के मुखाग्र बिंदु से प्रातः अभिषेक शांतिधारा प्रारम्भ हुई। शांतिधारा करने का सौभाग्य श्रीमंत सेठ प्रवीण जैन, प्रशांत जैन, सुरेश जैन, मिट्ठन लाल, पीसी जैन, अरविन्द जैन, सुन्दर लाल आदि को प्राप्त हुआ। अभिषेक शांतिधारा पूर्ण होने के उपरान्त पहले दिन के अर्घ चढ़ाये गए। विधान के दौरान विधानाचार्य ने सिद्धचक्र महामण्डल विधान की महिमा और उपयोगिता को सरल शब्दों में समझाया। उन्होंने बताया कि जैन परंपरा में सिद्धचक्र महामण्डल विधान की विशेष महिमा है।

धर्मक्षेत्र

## समुद्र मंथन से कामधेनु के रुप में प्राकट्य हुआ गौमाता का



**बिलासपुर।** अटल वाटिका टिकरापारा में गोपाष्टमी के उपलक्ष्य में गौ कथा का आयोजन किया गया। इसमें गौकथा वाचक गोपाल कृष्ण रामानुज दास ने कहा कार्तिक मास की महत्ता पर प्रकाश डाला और कहा कि कार्तिक के पवित्र मास की अमावस्या तिथि को ही समुद्र मंथन से कामधेनु के रुप में गौमाता का प्रकाट्य हुआ था।



गौ कथा वाचक ने बताया कि जीव मात्र के कल्याण के लिए पृथ्वी ने गौमाता का रुप धारण कर भगवान श्रीकृष्ण को अपनी सेवा, रक्षा में लगा कर बृज मंडल में अनेक लीलाओं में दर्शन दिया। कार्तिक मास की अष्टमी तिथि को भगवान श्री कृष्ण ने प्रातः काल गौमाता की पूजा-अर्चना कर गोचरण लीला की और वन में गाय के पीछे-पीछे चलने लगे। बृजवासियों ने भगवान कृष्ण की इस लीला का दर्शन कर उनका गोपाल नामकरण किया।

# श्याम महोत्सव, मसानगंज मंदिर से निकाली गई निशान यात्रा



## आज होगा श्याम पाठ व भजन संध्या

**बिलासपुर।** श्री श्याम पंचमुखी हनुमान मंदिर मसानगंज में गुरुवार से श्री श्याम वार्षिकोत्सव मनाया जा रहा है। इस दिन सुबह राधा कृष्ण मंदिर मध्यनगरीय चौक से बाजे-गाजे के साथ एक भव्य निशान यात्रा निकाली गई जो कि मसानगंज मंदिर पहुंच कर समाप्त हुई।

आयोजकों ने बताया कि शुक्रवार 31 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे से श्री श्याम पाठ होगा। शनिवार 1 नवंबर को रात्रि साढ़े 8 बजे से मंदिर परिसर में ही भजन संध्या आयोजित की जाएगी। इसमें कलाकार गौरव जोशी, रोहित वस्त्रकार, स्वाती सराफ व हेमंत सोनी द्वारा भगवान श्याम पर आधारित भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट बिलासपुर द्वारा 15 वें श्री श्याम महोत्सव का आयोजन शुक्रवार 31 अक्टूबर से किया जा रहा है। इसके पहले दिन दोपहर 1 बजे से पलाश शर्मा भाटापारा द्वारा श्री श्याम पाठ किया जाएगा। श्री श्याम मंदिर परिसर बिलासपुर में आयोजित इस महोत्सव की श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारी की गई

# मंडप प्रवेश के साथ की गई चारों वेदों की स्थापना



### आज होगा वेदों का परायण

शुक्रवार 31 अक्टूबर को चारों वेदों का परायण, रूद्र व नवग्रह होम होगा। शनिवार 1 नवम्बर को रूद्रार्चन, मूर्तियों का जलाधिवास, रविवार 2 नवंबर प्रतिष्ठांग होम, मूर्तियों का अन्नाधिवास, सोमवार 3 नवंबर को दैनिक पूजन व होम मूर्तियों का घृताधिवास होगा। मंगलवार 4 नवंबर को मूर्तियों की शोभायात्रा निकाली जाएगी। मूर्तियों व शिखर अभिषेक, मूर्तियों का शैय्याधिवास, बुधवार 5 नवंबर को सुबह 11 बजे विधि-विधान से मंत्रोच्चार के साथ देवाधिदेव ललितेश्वर महोदव एवं नवग्रह विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा कराई जाएगी। सुबह साढ़े 11 बजे पूर्णाहुति एवं दोपहर 12 बजे प्रसाद वितरण होगा।

### ललितेश्वर महोदव व नवग्रह विग्रह प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू

घोंघाबाबा मंदिर परिसर में गुरुवार से देवाधिदेव ललितेश्वर महोदव एवं नवग्रह विग्रह प्रतिष्ठा महोत्सव का श्रद्धा व उत्साह से शुभारंभ किया गया। इसमें मंडप प्रवेश, चारों वेदों की स्थापना व पूजन किया गया। 5 नवंबर तक चलने वाले इस आयोजन का 5 नवंबर को समापन होगा।





श्रीराम मंदिर बलखंडी बाबा कमेटी न्यास बिलासपुर के अध्यक्ष व प्रबंध न्यासी मंगतराय अग्रवाल ने बताया कि राम मंदिर न्यास के अंतर्गत डेढ़ सौ साल पुराना मंदिर का जिर्णोद्धार करा शिव परिवार की विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा कराई जा रही है। देवाधिदेव ललितेश्वर महोदव एवं नवग्रह विग्रह प्रतिष्ठा महोत्सव के पहले दिन मंडप प्रवेश, चारों वेदों की स्थापना व पूजन किया गया। अरणी मंथन द्वारा अग्नि प्राकट्य हुआ। यह आयोजन भगवान आशुतोष की कृपा एवं न्यास के संरक्षक गुरुदेव ब्रह्मलीन द्विपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाराज के आशीर्वाद से हो रहा है।

इसमें पूज्य श्रीचक्र महामेरु पीठाधिपति अनंत श्री विभूषित श्रीश्री सच्चिदानंद तीर्थ महास्वामी महाराज एवं यज्ञ के आचार्य पूज्य पं. वीरेश्वर (धनंजय) दातार का सानिध्य भी प्राप्त है।

# आंवला पूजन एवं सुमधुर भजन का गायन किया गया



**बिलासपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच द्वारा प्रतिवर्षानुसार नवनिर्मित आशीर्वाद भवन तुर्काडीह रोड लोखंडी में आंवला नवमी पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंच के प्रदेश संगठन सचिव पं सुदेश दुबे साथी ने बताया कि प्रारंभ में सभी सदस्यों ने भगवान परशुराम की महाआरती, पूजा अर्चना की आदिशंकराचार्य, श्रीराम चरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास एवं समाज के सम्मानित वरिष्ठ जनों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

मुख्य अतिथि पूर्व विशेष आमंत्रित सदस्य कान्यकुब्ज सभा अनिल शुक्ल रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता बी के पांडेय ने की विशिष्ट अतिथि प्रशांत शुक्ल मान पूर्व कार्यकारिणी सदस्य रायपुर कान्यकुब्ज सभा एवं रश्मि लता मिश्रा का अनूप पांडेय,डॉ राजीव अवस्थी,रज्जन अग्निहोत्री,शास्वत तिवारी,पवन तिवारी सुमन अवस्थी, भावना मिश्रा, योगेश मिश्र एवं सदस्यों ने स्वागत किया। 75 वर्षीय वरिष्ठ जनों में बी के पांडेय एवं बसंत बाजपेयी का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। सभी अतिथियों ने मंच द्वारा 13 वर्षों से नियमित प्रकाशित मासिक पत्रिका ब्रम्ह आलोक के नवंबर अंक का विमोचन किया। महिला संगठन एवं राधा रानी भजन मंडली द्वारा आंवला नवमी पर आंवला पूजन एवं सुमधुर भजन का गायन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष रज्जन अग्निहोत्री, रायपुर, दिनेश बाजपेयी, मनोहर लाल मिश्र पवन तिवारी,कमलेश मिश्र,प्रकाश बाजपेयी, राजेश पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में विप्र जन शामिल रहें।

### माहेश्वरी महिलाओं ने दीपक जलाकर की परिक्रमा



माहेश्वरी समाज की महिलाओं ने घर, मंदिर में आंवला नवमीं पर आवला पेड़ की पूजा की।दीपक जलाकर परिक्रमा लगाई। सभी ने आरोग्य, सुख शांति अक्षय रहने की कामना की। पूजा करने वालों में विनीता, सुधा, कुसुम, किरण, सरोज, अंजना, सरिता, नीलम, सुजीता, नीता ममता, शीला, ज्योति, रेखा, पूजा आदि सखियां शामिल रहीं।

### लायंस क्लब मिडटाउन ने आंवला पूजन कर किया वनभोज



लायंस क्लब बिलासपुर मिडटाउन ने रामा वर्ल्ड में लायन कुसुम गोयल के घर आंवला नवमीं पर आंवला व केले के वृक्ष की पूजा कर परिक्रमा की एवं वनभोज का आयोजन किया। इसमें क्लब के सदस्यों ने अपने अपने घर से स्वादिष्ट व्यंजन बनाकर लाया एवं सभी ने प्राकृतिक वातावरण के साथ भोजन का आनंद लिया। इस मौके पर अध्यक्ष आरती साहू, सचिव नीना गरेवाल, कोषाध्यक्ष रचना ताम्रकार, संरक्षक सुधा साव, पूर्व अध्यक्ष उषा तिवारी, सावित्री मिश्रा, संध्या पांडेय, सुषमा तिवारी, शंपा दत्ता, कस्तूरी सेठी, वरिष्ठ सदस्य शशि आहूजा, जीत उपवेजा, सुमन गुप्ता, हेमलता अग्रवाल, सतिंदर कौर, उषा सलूजा, प्रेमलता तिवारी, रश्मि छाबड़ा, शीतल गांधी, सक्रिय सदस्य सुचित्रा साव, उषा गुप्ता, सुलोचना सिंह, आरती अम्बष्ट, नंदिनी तिवारी, नागमणि राव, अंजिता उपाध्याय, सपना गुप्ता, ममता वर्मा, मनि जायसवाल, अमरजीत छाबड़ा, प्रीति प्रसाद, सीमा देवांगन, सुमन राजपाल, आशा पांडेय, कवल कौर, शुभ्रा गुप्ता, गरिमा तिवारी, अनुराधा सिंह, प्राची तिवारी उपस्थित रहीं।

### आंवला नवमी पर किया गया पूजन व भोजन



सामाजिक कार्यकर्ता सीमा पांडे के जूना बिलासपुर निवास पर आंवला नवमी का भव्य आयोजन किया गया इस दौरान वाला पेड़ की पूजा की गई और लक्ष्मी और विष्णु भगवान की भी पूजा साथ-साथ की गई और पेड़ के छाव के नीचे बैठकर श्रद्धालुओं ने भोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं एवं नगर के वरिष्ठ जन उपस्थित होकर भोज का आनंद उठाते हैं। आयोजन में प्रमुख रूप से पांडे के परिवार के अलावा निलेश मंडेवार महेश दुबे टाटा, सुदीप श्रीवास्तव, अविनाश सेठी, देवेंद्र सिंह ठाकुर, बद्री यादव, आशुतोष शर्मा ,कमल गुप्ता, कृष्ण मुरारी दुबे प्रतीक तिवारी और बड़ी संख्या में महिलाएं आंवला उत्सव में शामिल हुई।

### हरिहर ऑक्सीजोन की महिल विंग ने वनभोज का लिया आनंद



हरिहर ऑक्सीजोन महिला विंग द्वारा आंवला नवमी पूजन कार्यक्रम हरिहर परिक्षेत्र मे विधि विधान से हर्षोल्लास वातावरण में आयोजित किया गया। पूजन का संपादन नंदनी पटनवार डॉक्टर अन्नपूर्णा यादव द्वारा मंत्रोचार से पूर्ण किया गया। कार्यक्रम में ,अटल विश्विद्यालय के कुलपति प्रो एडीएन बाजपेई, हरिहर ऑक्सीजोन के मुख्य संरक्षक अनिल टाह के आतिथ्य में संपन्न हुआ। वही परिक्षेत्र में कुलपति बाजपेई द्वारा एक देव पौधे का रोपण किया गया एवं निर्माणाधीन नवग्रह नक्षत्र वाटिका का अवलोकन किया। आंवला पूजन उपरांत हरिहर परिवार के सदस्यों ने वनभोज का आनंद लिए।

स्पोर्ट्स न्यूज

# एलसीआईटी कालेज बना इंटर कालेज वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उपविजेता



बिलासपुर। इंटर कालेज वॉलीबॉल पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय राजीव गांधी महाविद्यालय लोरमी की मेजाबनी में आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता मे एलसीआईटी कालेज ऑफ़ कॉमर्स एंड साइंस को फाइनल मुकाबले में सीएसआर महाविद्यालय पिपरतराई कोटा से हार का सामना करना पड़ा और टीम प्रतियोगिता में उपविजेता बनी। इससे पहले एलसीआईटी कालेज की टीम ने पहले मैच मे शासकीय विज्ञान महाविद्यालय मुंगेली को 2-0 के सेट से हराया क्वाटर फाइनल मैच मे शासकीय निरंजन महाविद्यालय कोटा को 2-1 सेट से हराया सेमीफइनल मुकाबले मे डी पी विप्र महाविद्यालय बिलासपुर को 2-0 से हराकर फाइनल मे प्रवेश था। सभी खिलाड़ियों ने बहुत अच्छा खेल कौशल का प्रदर्शन किया इस प्रतियोगिता के चयनित खिलाड़ी सेक्टर का प्रतिनिधित्व राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता मे करेंगे जो 6 से 7 नवंबर कांकेर मे आयोजित है।संस्था प्रमुख प्रमोद कुमार जैन, उपसंस्था प्रमुख अंकित जैन, एलसीआईटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन सेक्रेटरी उपकार राय ने शुभकामनायें दी।

# बिलासपुर कबड्डी की टीम ने कोरबा को 2 अंकों से हराकर जीता खिताब



कबड्डी प्रशिक्षण केंद्र चिंगराजपारा ने राज्य स्तरीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में कोरबा क्लब को दो अंको से हराकर कबड्डी का ख़िताब अपने नाम किया। इस संबंध मे जानकारी देते हुवे एनआईएस कबड्डी कोच ओमकार जायसवाल ने बताया की खेल एंव युवा कल्याण समिति द्वारा आयोजित ठाकुर देव कबड्डी प्रतियोगिता में बिलासपुर जिला, भिलाई दुर्ग, रायगढ़, रायपुर आदि जिलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में कबड्डी प्रशिक्षण केंद्र चिंगराजपारा बिलासपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में कोरबा क्लब को रोमांचक मुकाबले मे 43-41 के मुकाबले 2 अंको से हराकर कबड्डी मे अपनी दबदबा बनाये रखा। इससे पहले सेमीफाइनल मुकाबले मे भिलाई दुर्ग को 37-27 के मुकाबले 10 अंको से हराकर फाइनल मे पंहुचा था। मुख्य अतिथि द्वारा विजेता टीम को 25 हजार रु व ट्रॉफी व उपविजेता टीम कोरबा को 15 हजार रु व ट्रॉफी प्रदान किया गया। खिलाड़ियों के विजेता होने पर कबड्डी संघ महासचिव प्रदीप यादव, जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष जीवन मिश्रा, जिला कबड्डी संघ उपाध्यक्ष सौरभ राय,कबड्डी प्रशिक्षक हेमंत यादव, पुन्नी राम साहू आदि ने शुभकामनायें दी।

## खबर संक्षेप

### सागौन तस्करी व रेत उत्खनन के दो आरोपी गिरफ्तार

लोरमी। खुड़िया वनपरिक्षेत्र में सौगान लकड़ी की तस्करी एवं अवैध रेत खनन कर परिवहन करने वाले आरोपियों को वन विभाग ने गिरफ्तार कर लिया है। ग्राम चचेड़ी में खुड़िया वनपरिक्षेत्र अधिकारी रुद्र कुमार राठौर ने बताया कि, क्षेत्र के क्षेत्र के आदतन वन अपराधी अरुण कुमार पात्रे निवासी ग्राम चचेडी एवं धनराज दुबे ग्राम छटन निवासी को गिरफ्तार कर दोनों को खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि, लकड़ी तस्करों एवं वन माफिया के खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेंगी। साथ ही उन्होंने ने लोगों से वनक्षेत्र में अवैधानिक कार्य करने वालों की जानकरी देने की अपील भी की है। जानकारी देने वालों का नाम गुप्त रखा जाएगा।

### पंधी में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 2 को

लगरा। समीपस्थ ग्राम पंधी के सामुदायिक भवन में 2 नवम्बर को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। रक्त दान से पहले निशुल्क ब्लड ग्रुप जांच, हीमोग्लोबिन परीक्षण, शुगर व वजन की जांच होगी। सभी रक्तदाताओं को प्रमाण प्रत्र, ब्लूटूथ, हेडेफोन एवंर लर्निंग लाइसेंस प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

### दिवंगत शिक्षक की पुत्री को दी गई अनुकंपा नियुक्ति



लोरमी। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने नगर के ब्राम्हणपारा निवासी शासकीय हाईस्कूल लाखासार के दिवंगत शिक्षक स्व अंजनी कुमार त्रिपाठी की पुत्री सृष्टि त्रिपाठी को जिला कलेक्टोरेट में अनुकंपा नियुक्ति अंतर्गत नियुक्त पत्र प्रदान किया। कलेक्टर कार्यालय भू-अभिलेख शाखा के आदेश के अनुसार अंजनी कुमार त्रिपाठी का शासकीय सेवा के दौरान निधन होने पर उनकी पुत्री सृष्टि त्रिपाठी ने अनुकम्पा नियुक्ति हेतु आवेदन किया गया था। इस पर जिला स्तरीय समिति की अनुशंसा एवं शासन के निर्देशानुसार अनुकंपा नियुक्ति के अंतर्गत पटवारी प्रशिक्षण हेतु चयनित किया गया है।

## निधन

### प. भैरव प्रसाद शुक्ला



बिलासपुर। विनोबा नगर निवासी प. भैरव प्रसाद शुक्ला का 30 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 31 अक्टूबर को शाम 4 बजे उनके निवास से भारतीय नगर मुक्तिधाम के लिए जाएगी। वे देवव्रत शुक्ला, दिव्या शुक्ला और दीवा अवस्थी के पिता एवं रामप्रसाद शुक्ला के बड़े भाई,संजय शुक्ला के चाचा थे।

### ललित कुमार शुक्ला



बिलासपुर। विजयापुरम निवासी शिक्षक ललित कुमार शुक्ला ग्राम चोरिया चांपा वाले का 30 अक्टूबर को निधन हो गया। वे 60 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे आकाश शुक्ला और अंबर शुक्ला के पिता थे।

### ए सूर्य प्रकाश राव



बिलासपुर। कस्तूरबा नगर कारगिल चौक निवासी ए सूर्य प्रकाश राव का 29 अक्टूबर को निधन हो गया। वे 85 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार झूलेलाल मुक्तिधाम में किया गया। वे ए सूर्य नारायण के पिता थे।

### पुलिस ने आरोपियों का निकाला शहर में जुलूस

# युवक पर रॉड से जानलेवा हमला 2 नाबालिग सहित आरोपी गिरफ्तार

**आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त हथियार जब्त कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



आरोपियों का जुलूस निकालती पुलिस।

पुरानी रंजिश को लेकर बीच सड़क पर विवाद कर दहशत फैलाने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर शहर में पैदल जुलुस निकाला। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त हथियार सहित अन्य सामान जब्त कर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कमल कश्यप पिता संतोष कश्यप उम्र 28 साल निवासी वार्ड क्र 3 महामायापारा ने 28 अक्टूबर को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, वह, उसका छोटा भाई सोम कश्यप एवं चचेरा भाई कुश कश्यप गुपचुप का ठेला लगाते हैं। 28 अक्टूबर को तीनों अपना ठेला लेकर घर जा रहे थे, इसी दौरान रानीगांव मेन रोड के पास शाम करीब 6:15 बजे महामायापारा निवासी विशाल ध्रुव व प्रेम सारथी अन्य कुछ लड़कों के साथ वहां पहुंचे और पुरानी रंजिश को लेकर लोहे की रॉड व धारदार हथियार से सोम कश्यप के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान बीच-बचाव करने आए कुश कश्यप के हाथ में रॉड लगी एवं वह घायल हो गया। प्रार्थी के रिपोर्ट पर धारा 296, 351(2), 115(2), 126(2), 109, 3(5) बीएनएस के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने सीसीटीवी के माध्यम से घटना मे शामिल आरोपियों को महज 16 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी विशाल ध्रुव पिता मनीराम उम्र 21 साल साकिन वार्ड क्र 3 महामायापारा, प्रेम सारथी पिता नंदकुमार सारथी उम्र 21 साल साकिन तुलसाघाट, छोटू ध्रुव पिता मनीराम उम्र 19 साल साकिन वार्ड क्र 3 महामायापारा, अरूण अनंत पिता गोपाल दास अनंत उम्र 19 साल साकिन सेमरिया को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही 2 विधि से संघर्षरत बालकों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। पुलिस ने आरोपियों से 2 नग चाकू, 1 नग लोहे का रॉड, घटना मे प्रयुक्त मोटर सायकल सीजी 28 पी 6966, ऑटो सीजी 28 एस 1084 को जब्त कर लिया। साथ ही प्रकरण मे धारा 191(2), 191(3), 61(2) बीएनएस 25 आर्म्स एक्ट जोड़ कर आगे की कार्रवाई की गई। पुलिस ने आरोपियों का शहर मे पैदल जुलुस भी निकाला।

### दुपहिया चालक ने मारी बाइक को टक्कर मामला दर्ज

तखतपुर। लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए दुपहिया चालक ने अन्य दुपहिया सवार को ठोकर मार दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार दर्री निवासी राजकुमारी निषाद ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि, 20 अक्टूबर को उसका पुत्र शत्रुहन निषाद दुपहिया वाहन सीजी 4 डीसी 7722 से टिंगीपुर जा रहा था। इसी दौरान अन्य दुपहिया सीजी 10 बीवी 3851 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसके टक्कर मार दी। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ धारा 281, 125 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।



## डिप्टी सीएम साव ने किया सीसीटीवी कैमरों का लोकार्पण

■ 40 अत्याधुनिक कैमरों से होगी 24 घंटे नगर की मॉनिटरिंग

लोरमी। उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने स्मार्ट सुरक्षा प्रणाली की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 45 लाख रुपए की लागत से तैयार अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरा नेटवर्क का लोकार्पण किया।

नगर के 17 प्रमुख चौक-चौराहों पर कुल 40 अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं, जिससे थाना लोरमी में रियल टाइम में 24 घंटे नगर की मॉनिटरिंग की जाएगी। इससे पुलिस को उन्नत तकनीकों के साथ त्वरित, प्रभावी और सटीक कार्रवाई करने में सफलता मिलेगी, साथ ही सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से महिला एवं संपत्ति संबंधी अपराध सहित चोरी, लूट, डकैती जैसे गंभीर अपराधों के निराकरण में सहायता मिलेगी। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि, यह प्रणाली केवल निगरानी तक सीमित नहीं, बल्कि यह शहर की ट्रैफिक प्रबंधन, कानून-व्यवस्था और आपातकालीन प्रतिक्रिया को भी सुदृढ़ बनाएगी। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने बताया कि, लोरमी शहर के चौक-चौराहों में लगे सीसीटीवी कैमरों से मुंगेली जिले को स्मार्ट पुलिसिंग की दिशा में एक महत्वपूर्ण बढ़त मिलेगी, और जनता की सुरक्षा में एक नया आयाम जुड़ेगा।

## केशरवानी महिला समिति ने मनाई आंवला नवमी



मुंगेली। केशरवानी महिला समिति ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुरीघाट में स्थित सत्येंद्र प्रियंक गुप्ता के श्रीराम नर्सरी एंड लैंडस्केपिंग में आंवला नवमी का पर्व भगवान विष्णु और आंवले के वृक्ष की पूजा-अर्चना कर मनाया। मान्यता है कि, इस दिन पूजा–व्रत करने और दान देने से जीवन में सौभाग्य, सुख-समृद्धि और सेहत मिलती है।

कहा जाता है कि, आंवला वृक्ष के नीचे बैठकर भोजन करने से अक्षय पुण्य प्राप्त होता है, और आंवले का सेवन अमृत के समान माना जाता है। साथ ही माता लक्ष्मी का सम्मान करने और समृद्धि एवं स्वास्थ्य के लिए उनका आशीर्वाद प्राप्त करने हेतु भी आंवला वृक्ष की पूजा की जाती हैं। आंवला नवमी के दिन भगवान विष्णु और आंवले के वृक्ष की पूजा करने का विधान होता है। पूजन के बाद महिलाओ में अपने साथ घर से बना कर लाए विभिन्न प्रकार के व्यंजनों फरा, पीठा, चौसेला, गुझिया, खीर–पूड़ी, पुलाव, मिठाइयों का लुत्फ उठाया और साथ में कुर्सी दौड़, अंताक्षरी, हाऊजी जैसे गेम का आनंद उठाया।

### श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई गई आंवला नवमी



तखतपुर। गुरुवार को नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं ने आंवला नवमी का पर्व पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया। सुबह से ही महिलाओं ने नए वस्त्र धारण कर पूजा स्थल पर पहुंच कर आंवले के वृक्ष के नीचे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने जल, दीप, फूल और रोली से आंवले का पूजन किया तथा परिवार की सुख-शांति, समृद्धि और दीर्घायु की कामना की। धार्मिक मान्यता के अनुसार, आंवले के वृक्ष की पूजा करने से पापों का नाश होता है, और घर में लक्ष्मी का स्थायी वास बना रहता है।

### सेमरसल में मनाई गई आंवला नवमी



लोरमी। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सेमरसल में आंवला नवमी का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। शाला के प्रधान पाठक आत्माराम कश्यप व शिक्षक राकेश पांडेय, राजकुमार कश्यप, उमाशंकर सिंह, पुष्पा चतुर्वेदी तथा प्राथमिक शाला से आरती गुप्ता, ललिता शर्मा, स्वतंत्र ध्रुव ने पूर्व में रोपित पौधों के आसपास की सफाई की। इसके बाद भोज्य सामग्री तैयार कर पूजन परिक्रमा करके बच्चों के साथ आनंद पूर्वक आंवला नवमी का त्यौहार मनाया। इस मौके परमेश्वरी साहू, नन्दनी निषाद, नेहा, राजनंदनी, कोमल, लकेश्वरी, दामिनी, आरती, सोनिया, प्राची, शिवानी, ममता, माही, मुस्कान, किरण, शैलेन्द्र, देवेंद्र, भीगुराज आदि मौजूद रहे।



### पुरुष वॉलीबॉल में सीएसआर कॉलेज बना विजेता

करगी रोड कोटा। सीएसआर महाविद्यालय ने परिक्षेत्र स्तरीय पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। सीएसआर कॉलेज की टीम ने सेमीफाइनल में राजीव गांधी कॉलेज लोरमी को हराते हुए फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में सीएसआर कॉलेज ने एलसीआईटी कॉलेज की टीम को लगातार तीनों सेट में पराजित कर खिताब जीता। कोटा क्षेत्र में लंबे समय से डॉ रंजीत सिंह पवार अपनी कोचिंग के माध्यम से वॉलीबॉल में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार करते आ रहे हैं। सीएसआर कॉलेज से भी प्रतिवर्ष राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी विश्वविद्यालय को मिलते रहे हैं। इस प्रतियोगिता में सीएमडी, डीपी विप्र, निरंजन कॉलेज कोटा सहित कई कॉलेजों ने भाग लिया। टीम के कोच नवीन सिंह एवं खिलाड़ी सागर सिंह, मयंक सिंह, विशाल, नितेश, चंदन, राम रतन, धनंजय, करण और मुकेश को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डीएन शर्मा एवं समस्त स्टाफ ने बधाई दी है।

## मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने दिया जा रहा प्रशिक्षण



मुंगेली। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची को शुद्ध, सटीक एवं त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है।

कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में जनपद पंचायत सभाकक्ष में बीएलओ को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर जीएल यादव ने बीएलओ एवं बीएलए द्वारा मतदाताओं के घर–घर जाकर सत्यापन करने तथा गणना प्रपत्र तैयार करने के संबंध में जानकारी दी। इसी तरह पथरिया के जनपद पंचायत सभाकक्ष में बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने पथरिया में आयोजित प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया एवं सभी बीएलओ को इस कार्य को सफल बनाने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज, पथरिया एसडीएम रेखा चन्द्रा एवं तहसीलदार छाया अग्रवाल आदि मौजूद रहे। प्रशिक्षण में बताया गया कि, निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित तिथियों के अनुसार 3 नवंबर तक बीएलओ को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक घर-घर जाकर सत्यापन एवं गणना कार्य, 9 दिसंबर को मतदाता सूचियों के प्रारूप का प्रकाशन तथा 8 जनवरी 2026 तक दावा एवं आपत्तियां ली जएंगी। 9 दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक की अवधि में सुनवाई एवं सत्यापन का कार्य किया जाएगा। इसके उपरांत 7 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

## पूर्व विधायक राधेश्याम शुक्ल नहीं रहे



बिलासपुर। नेहरू नगर निवासी सीपत के पूर्व विधायक राधेश्याम शुक्ल का गुरुवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बिलासपुर में किया गया। मुखाग्नि बड़े बेटे राकेश शुक्ल ने दी। उनके दो बेटे और तीन बेटियां हैं। उनका जन्म 1933 में जांजगीर तहसील के महुदा ग्राम के मालगुजार परिवार में हुआ था।

उन्होंने सन 1954 में बिलासपुर एसबीआर कॉलेज से स्नातक और 1956 में नागपुर के मात्रिय कॉलेज से इतिहास विषय में स्नातकोत्तर एमए व विधि की एलएलबी परीक्षा पास की। इसके बाद वे शासकीय सेवा में आ गए। नायब तहसीलदार बने। वे बागबहरा महाविद्यालय में इतिहास के व्याख्याता भी रहे। खैरा ग्राम पंचायत के दस वर्ष तक सरपंच रहे। इस दौरान बिल्हा जनपद पंचायत के सदस्य के रूप में कार्य करते हुए नवयुवकों को संगठित किया और इसे जिला स्तर का रूप देकर युवक मंडल की स्थापना कर युवकों की शक्ति को रचनात्मक दिशा की ओर प्रेरित किया। श्री शुक्ल सन 1972 में बलोदा क्षेत्र से प्रथम बार विधायक चुने गए। इसके बाद सन 1977 और 1980 में लगातार सीपत क्षेत्र से विधायक चुने गए। जनता शासन और कांग्रेस शासन में प्राक्कलन समिति के सदस्य के रूप में देश के कई राज्यों में मध्यप्रदेश का नेतृत्व किया। अंतिम संस्कार में बिलासपुर के सभी दलो के स्थानीय जनप्रतिनिधि,समर्थक एवं परिवार तथा समाज के लोग शामिल हुए।

### रजत जयंती महोत्सव के लिए लौदा भाजपा मंडल की बैठक

पथरिया। गुरुवार को लौदा भाजपा मंडल की बैठक ग्राम बरछा में आयोजित हुई, जिसमें रजत जयंती कार्यक्रम के प्रभारी एवं मुंगेली भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। लौदा भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिलाष त्रिवेदी ने बैठक के एजेंडा को साझा करते हुए रजत जयंती छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस की तैयारी, द्वितीय बीएलओ नियुक्ति, के सम्बंध में विस्तार से बताया। मुख्य वक्ता हरिशंकर वर्मा ने बैठक में कहा कि, राज्य स्थापन दिवश के असर पर रायपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य स्वगत किया जाना है। इसके लिए सभी इकाई से कार्यकर्ताओं की सूची तैयार कर उन्हें आयोजन में सहभागी बनाना है। बैठक में कविता जायसवाल, अरुण साहू, महेंद्र जायसवाल, दिनेश डहरिया, बादल पात्रे, हुक्म सिंह, चित्ररेखा साहू, हेमलता पत्रे, ज्ञानदास गेंदले, सुरेश पटेल, विनय पांडेय, दिनेश शर्मा, मोहित बंजारे, राजकुमार जाटवर, ब्रजबल्ला शर्मा, शुभम मिश्रा, शुखु साहू, संतोष साहू आदि उपस्थित रहे।

## साइबर ठगों से रहें सतर्क, जागरूकता ही असली सुरक्षा कवच: मिश्रा




सीपत। शासकीय मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय सीपत में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, थाना सीपत एवं स्वामी आत्मानंद विद्यालय सीपत के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय एकता दिवस की संध्या पूर्व सरदार वल्लभभाई पटेल की स्मृति में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत 'राष्ट्रीय एकता 2025 और साइबर सुरक्षा संकल्प' विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता से हुई, जिसमें 50 से अधिक स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थाना प्रभारी राजेश कुमार मिश्रा ने 'साइबर सुरक्षा-आज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी' विषय पर बात रखते हुए कहा कि, आज ठगी सिर्फ अनपढ़ों तक सीमित नहीं, बल्कि पढ़े-लिखे और नौकरीपेशा लोग भी ऑनलाइन जाल में फंस रहे हैं। डिजिटल दुनिया में जागरूकता ही हमारी सबसे बड़ी सुरक्षा ढाल है। किसी भी कॉल या लिंक पर आंख बंद कर भरोसा न करें, क्योंकि ठग अब मोबाइल और इंटरनेट के जरिए हमारे घर तक पहुंच चुके हैं। टीआई मिश्रा ने डिजिटल अरेस्ट, बैंक धोखाधड़ी, ओटीपी फ्रॉड, गेमिंग फ्रॉड सहित साइबर अपराध के अनेक स्वरूपों की विस्तार से जानकारी देते हुए उनसे बचाव के व्यावहारिक उपाय भी बताए। स्लोगन प्रतियोगिता में आरती राठौर प्रथम, अजित बंजारे द्वितीय एवं अर्चना साहू को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ ही निर्जला और सत्यवान को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। निर्णायक की भूमिका शिक्षिका डॉ पूजा यादव और दीपेश जोशी ने निभाई। प्रतियोगिता के उपरांत भव्य एकता रैली का आयोजन किया गया।

---

**न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना जिला–मुंगेली (छ.ग.)**
//ईश्तहार//
(समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु)
रा.प्र.क्र.........ब–121/2025
क्रमांक/380/वाचक/तह./2025 लालपुर थाना दिनांक 24.10.25

सर्वसाधारण/ आम जनता ग्राम बिजराकापाकला को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रदीप कुमार पति/पिता श्री जगन्नाथ जाति कलार साकिन बिजराकापाकला तहसील लालपुर थाना जिला–मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के पिता/माता/पुत्री/पुत्र/दादा/दादी/भाई/बहन स्वयं प्रदीप कुमार आ. श्री जगन्नाथ के जन्म दिनांक 13.1.1998 ग्राम बिजराकापाकला को हो जाने के कारण जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 07.11.25 समय प्रातः 11:00 बजे दिन को स्वयं/अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24/10/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
लालपुर थाना, जिला–मुंगेली (छ.ग.)

---

**न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना जिला–मुंगेली (छ.ग.)**
//ईश्तहार//
(समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु)
रा.प्र.क्र.........ब–121/2025
क्रमांक/379/वाचक/तह./2025 लालपुर थाना दिनांक 24.10.25

सर्वसाधारण/आम जनता ग्राम बिजराकापाकला को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय कुमार पति/पिता श्री विश्वनाथ जाति कलार साकिन बिजराकापाकला तहसील लालपुर थाना जिला–मुंगेली (छ0ग0) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के पिता/माता/पुत्री/पुत्र/दादा/दादी/भाई/बहन स्वयं विजय कुमार आ0 श्री विश्वनाथ के जन्म दिनांक 18.4.1991 ग्राम बिजराकापाकला को हो जाने के कारण जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 07.11.25 समय प्रातः 11:00 बजे दिन को स्वयं/अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24/10/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
लालपुर थाना, जिला–मुंगेली (छ.ग.)

---

**कार्यालय पटवारी हल्का नंबर 25 रा.नि.मं.कोनी तहसील-बिलासपुर (छ.ग.)**

दिनांक:– 29/10/2025

प्रति, 1. रितेश गुप्ता पिता अशोक गुप्ता 2. रुकमणी चंद्राकर 3. ईश्वर धनकर 4. आशा कौशिक।

विषय :– सीमांकन/स्थल जांच के समय मौके पर उपस्थित होने बाबत।

सन्दर्भ :– न्याया.अ वि.अ. / तहसीलदार / अति. तहसीलदार /ना तहसीलदार के ज्ञापन क्र. अति.तह./वाचक/2025 बिलासपुर दिनांक 15/10/2025

विषयान्तर्गत लेख है कि ग्राम खमतराई प.ह.न.–25. रा.नि.मं. कोनी तहसील व जिला– बिलासपुर अंतर्गत आवेदक रितेश गुप्ता पिता अशोक गुप्ता निवासी कोटमीसोनार द्वारा आवेदित ग्राम खमतराई स्थित भूमि ख.न. 559/136 रकबा 0.0112 हेक्टेमर का सीमांकन स्थल जांच संदर्भित आदेशानुसार राजस्व निरीक्षक / गठित टीम के द्वारा किया जाना है। इस हेतु से आप अपना उक्त भूमि से सम्बंधित समस्त कागजात लेकर दिनांक 04/11/2025 को प्रातः दोपहर 11.00 से 5:00 बजे स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करे। उपस्थित नहीं होने कि दशा में आपकी मौन स्वीकृति मानकर सीमांकन /स्थल जांच किया जायेगा जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी आपकी स्वयं की होगी।

रमेश कुमार वैष्णव
पहन. 25 रा.नि.म. कोनी
तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना जिला–मुंगेली (छ.ग.)**
//ईश्तहार//
(समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु)
रा.प्र.क्र.........ब–121/2025
क्रमांक/38/वाचक/तह./2025
लालपुर थाना दिनांक 16.10.25

सर्वसाधारण/आम जनता ग्राम बांधा को सूचित किया जाता है कि आवेदक भानुमति पति/पिता श्री लखनराम जाति कुर्मी साकिन बांधा तहसील लालपुर थाना जिला–मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक स्वयं भानुमति आ. श्री लखनराम के जन्म दिनांक 12.11.1999 ग्राम बांधा को हो जाने के कारण जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 04.11.25 समय प्रातः 11:00 बजे दिन को स्वयं/अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16/10/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
लालपुर थाना, जिला–मुंगेली (छ.ग.)

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर**
**सीमांकन सूचना**

प्रति,
1. सुनीता यादव/संजय यादव 2. व्ही.पी. यादव 3. ए.के.सिंग 4. एस.डी.बर्मन 5. अन्य हितबद्ध पक्षकार।

विषय: सीमांकन / स्थल जाँच में उपस्थित रहने बाबत।

संदर्भ: न्यायालय तहसीलदार /अति.तह./ना.तह.के ज्ञापन दिनांक: 09/07/2025

संदर्भित विषयान्तर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम अमेरी प.ह.नं.43, रा.नि.मं. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर के अंतर्गत खसरा नं. 112/13 रकबा 0.0230 हे. एकड़/ हेक्टेयर भूमि स्वामी सुनीता यादव पिता/पति संजय यादव निवासी अज्ञेय नगर बिलासपुर के द्वारा सीमांकन/ स्थल जांच का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का सीमांकन/ स्थल जांच दिनांक 12/11/2025 को समय 12.00 बजे किया जावेगा।

अतः आप सभी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज बैनामा पत्रक सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। अतः सूचना जानें।

टिप:–विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/ स्थल जांच की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक
सकरी

---

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार श्रीमती रूकईया बेगम पति अब्दुल हबीब निवासी–टिकरापारा पुराना हाईकोर्ट के पीछे बिलासपुर से अधिकृत होकर यह आम सूचना प्रकाशित कराता हूं कि मेरे पक्षकार श्रीमती रूकईया बेगम ने मुकेश नामदेव पिता राकेश नामदेव निवासी फजल बाडा जूना बिलासपुर थाना सिटीकोतवाली बिलासपुर छ.ग. स्थित अपने स्वामित्व की भूमि व मकान जो मुकेश नामदेव को अपनी नानी सपना नामदेव से प्राप्त हुआ है, जो भूमि फजल बाडा जूना बिलासपुर प.ह.नं. 38, खसरा नं. 279/13 रकबा 1400 वर्गफुट है को मेरे पक्षकार ने 35,00,000/- रू. में खरीदी का सौदा कर 10,00,000/- रू. एडवांस राशि विक्रेता मुकेश नामदेव को दिया जा चुका है और कब्जा भी भौतिक रूप से सौप दिया है, परन्तु मुकेश नामदेव आज कल रजिस्ट्री कर दूंगा कहकर घुमाते रहा है और मेरे पक्षकार के पक्ष में रजिस्ट्री नहीं किया है, इसलिये मेरे पक्षकार उक्त भूमि के संबंध में न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किया है जो न्यायालय में लंबित है।

अतः आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि का क्रय विक्रय न करे, उसके बाद भी यदि उक्त भूमि का क्रय विक्रय किया जाता है तो वह अवैध होगी जिसकी जिम्मेदारी क्रेता की होगी।

अतः सूचना जाने।
दिनांक : 30/10/2025
स्थान– बिलासपुर (छ.ग.)
भवदीय
अनवर हुसैन (अधिवक्ता)
बिलासपुर (छ.ग.) मो.नं. 9981097008

---

**न्यायालय तहसीलदार तखतपुर,तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग.**
**-: ईश्तहार :-**

रा.प्र.क्र. ग्राम लाखासार प.ह.नं. 32 एतद् द्वारा ग्राम लाखासार प.ह.नं. 32 रा.नि.मं. जरौंधा तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक बालमकुंद पिता शिवदयाल जाति सूर्यवंशी निवासी लाखासार तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा पूर्व में अपनी पत्नी सीता बाई की मृत्यु दिनांक 30/08/2015 को ग्राम लाखासार तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. में होने का हवाला देते हुए अपनी पत्नी का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त मृत्यु प्रमाण के संबंध में न्यायालय तहसीलदार तखतपुर में मामला विचाराधीन है जिसमें दिनांक 03/11/2025 को सुनवाई नियत किया गया है उपरोक्त भूमि के संबंध में यदि कोई व्यक्ति अथवा हितबद्ध पक्षकार किसी प्रकार से कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो नियत तिथि तक प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 14/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।
तहसीलदार, तखतपुर

---

**न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
मा.क्र./अ–6/2025–26,
ग्राम हांफा, तहसील सकरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम हांफा प.ह.नं. 44, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक सिद्धार्थ कुमार पिता स्व प्रदीप कुमार रथ निवासी ग्राम सोठी सक्ति जिला सक्ति के द्वारा लेख किया गया है कि ग्राम हांफा प.ह.नं. 44, रा.नि.मं. सकरी तहसील सकरी, जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 166/10 रकबा 1500 वर्गफीट भूमि को क्रय किया गया था। यह की उक्त भूमि क्रय नामांतरण के पश्चात 2020–21 में आवेदक के स्वर्गवासी पिता स्व प्रदीप कुमार रथ के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज चला आ रहा है। यह की आवेदक के पिता स्व प्रदीप कुमार रथ के निम्न वारिस हैं। 01 श्रीमती मीनाक्षी रथ पत्नी, 02 ज्योत्सना रथ पुत्री, 03 श्री अभिषेक कुमार पुत्र 04 श्री सिद्धार्थ कुमार पुत्र हैं। यह की आवेदक के पिता स्व प्रदीप कुमार रथ की मृत्यु दिनांक 19/01/2024 को हो जाने के कारण फौती उठाकर मृतक का नाम विलोपित कर उसके स्थान पर उनके सभी 04 वारिसों के नाम पर नामांतरण करने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 14/11/2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 13/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।
तहसीलदार
सकरी

---

**न्यायालय तहसीलदार तखतपुर, तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग.**
**- ईश्तहार:-**
रा.प्र.क्र.
ग्राम ढनढन प.ह.नं.

एतद् द्वारा ग्राम ढनढन प.ह.नं. रा.नि.मं. व तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कदमबाई पति संतराम महादेवा जाति सतनामी निवासी ग्राम ढनढन तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारां अपने पति संतराम महादेवा का मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण वर्तमान में अपने पति का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु अपने पति का मृत्यु दिनांक 29/05/2025 को ग्राम मोछ थाना व तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. में होने का हवाला देते हुए अपने पति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त मृत्यु प्रमाण के संबंध में न्यायालय तहसीलदार तखतपुर में मामला विचाराधिन है जिसमें 3/11/2025 को सुनवाई नियत किया गया है उपरोक्त भूमि के संबंध में यदि कोई व्यक्ति अथवा हितबद्ध पक्षकार किसी प्रकार से कोई दाव आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो नियत तिथि तक प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायलय की सील मुद्रा से जारी किया गया।
तहसीलदार, तखतपुर

---

**झुठे खण्डन का खण्डन**

मैं झंकार अग्रवाल पिता - श्री संजय अग्रवाल निवासी- जे.पी. रेसीडेंसी तोरवा बिलासपुर (छ.ग) का हूँ। मैं जे.बी.एस होम्स एण्ड कंस्ट्रक्शन डपलपर्स के नाम से जमीन खरीदी - बिक्री का काम करता हूँ। दिनांक 05/02/2025 मौजा लिमतरा की भूमि को मोहर साय से क्रय-विक्रय का पंजीकृत इकरारनामा मस्तूरी पंजीयन कार्यालय में एवं अन्य खसरा कि भूमि का इकरारनामा दिनांक 15/02/2025 को नोटरी के माध्यम से निष्पादित हुआ है जिसमे मेरे द्वारा मोहर साय भूमि विक्रेता को पृथक – पृथक चेक एवं नगद रकम के माध्यम से व्यायाना राशि दिया गया है उक्त इकरारसुदा भूमि को रजिस्ट्री न करते हुए विक्रेता मोहर साय के द्वारा मेरे अधिवक्ता शुभेन्दु नस्कर के माध्यम से दिनांक-10/10/2025 के आम सूचना प्रकाशन का झूठा खण्डन किया गया है कि उक्त राशि 15,20,000/- रूपय ब्याज मे दिया है, इस प्रकार हरिभूमि दैनिक समाचार पत्र दिनांक 11/10/2025 को संकेत कुमार खाण्डे अधिवक्ता के द्वारा झूठा खण्डन किया गया है। मेरे पास कोई साहुकारी लाईसेंस नही है ना ही मैने ब्याज मे रकम दिया है मोहर साय के द्वारा रजिस्ट्री ना करते हुए ब्याज मे रकम लेने का झूठा खण्डन किया है जबकि मै इकरारनामे के अनुसार शेष रकम दे कर रजिस्ट्री करने के लिए तैयार हूँ। दिनांक- 30/10/2025
भवदीय
झंकार अग्रवाल
पिता- श्री संजय अग्रवाल
निवासी जे.पी. रेसीडेंसी
तोरवा बिलासपुर (छ.ग)
मों. 93000-00194

## खबर संक्षेप

### राम लला का दर्शन करने अयोध्या रवाना हुए 64 यात्री



**मुंगेली।** श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत जिले के 64 तीर्थ यात्री अयोध्या में राम लला का दर्शन करेंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय ने तीर्थ यात्रियों को हरी झंडी दिखाकर अयोध्या धाम के लिए रवाना किया। कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में इन सभी तीर्थ यात्रियों को दो बसों के माध्यम से बिलासपुर रेल्वे स्टेशन तक भेजा गया। वहां से सभी स्पेशल ट्रेन के माध्यम से अयोध्या धाम के लिए रवाना होंगे। तीर्थ यात्रियों का पुष्पाहार से स्वागत कर यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर जनपद सदस्य पवन पांडेय, रघुराज सिंह, स्थानीय जनप्रतिनिधि राजा घृतलहरे, सन्नी भार्गव, लोकनाथ सिंह एवं जिला व जनपद पंचायत के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बरेला में छात्राओं को प्रदान की गई निशुल्क साइकिल



**जरहागांव।** नगर पंचायत बरेला के शासकीय हाई स्कूल बरेला में सरस्वती साइकिल योजन के तहत निशुल्क वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि नगर पंचायत बरेला अध्यक्ष नरेश पटेल, उपाध्यक्ष शेख जैनुल, दीपक अग्रवाल, शाला विकास समिति के अध्यक्ष नोहर सिंह ठाकुर आदि मौजूद रहे। मुख्य अतिथि नरेश पटेल ने शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि, निशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण योजना छात्राओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने एवं समय बचत करने के लिए बहुत ही उपयोगी है। जो समय आने-जाने में लगता है, उस समय बचत होगी और छात्राएं उस समय का उपयोग खूब मन लगाकर पढने लिखने कर सकेंगी। साथ ही उन्होंने स्कूल की मूलभूत सुविधाओं को पूरा करने का भी आश्वासन दिया। उपस्थित सभी अतिथियों ने छात्राओं को साइकिल वितरण करने में अपना सहयोग दिया। इस अवसर पर सभापति हीरालाल पटेल, सुनीता विजय दीवान, संजय निर्मलकर, बंटी सेमरिया, सीएमओ नरेश महीष, इंजीनियर ताम्रकार, पार्षद नितेश पटेल ,मुन्नी पवन पटेल, बबलू पटेल, जया रमेश पटेल, जगदीश साहू, पिंकी गजानंद निर्मलकर, सरस्वती शिशु मंदिर बरेला के प्राचार्य विनोद पटेल, युवा नेता मुकेश पटेल, सुमन साहू, अतुल गुप्ता, संस्था प्राचार्य पिंकी शर्मा, आभारानी मिश्रा, श्वेता ठाकुर, शबाना खानम, रश्मिता दुबे आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गौकरण डिंडोले व आभार प्रदर्शन प्राचार्य पिंकी शर्मा ने किया।

### मेडिकल टीम ने किया डिप्टी सीएम साव का भव्य स्वागत



**लोरमी।** मेडिकल टीम लोरमी की ओर से उपमुख्यमंत्री अरुण साव का भव्य स्वागत किया गया। आध्यात्मिक चेतना, लोक संस्कृति और भांचा राम के भक्ति के प्रतीक मानस मंच लोरमी के सौंदर्यीकरण के भव्य लोकार्पण समारोह में मेडिकल टीम ने रामचरित्र मानस भेंट कर समस्त लोरमी वालों की खुशहाली की कामना की। इस मौके पर मेडिकल टीम लोरमी के ब्लॉक अध्यक्ष मिंटू छाबड़ा, सचिव मुकेश कश्यप, उपाध्यक्ष जीवन साहू, राजेंद्र साहू, कमलेश साहू, तिरिथ साहू, दीपक साहू, शेषनारायण साहू, द्वारिका साहू, संतोष साहू एवं रघुवीर साहू उपस्थित थे।

### आवास योजना के हितग्राही ने किया गृह प्रवेश



**बेलतरा।** छत्तीसगढ़ स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर पूरे प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत नेवसा में प्रधानमंत्री आवास योजना के चयनित हितग्राही रामाधार बसोड़ का गृह प्रवेश कराया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि जनपद सदस्य कमला विजय एवं ग्राम पंचायत सरपंच माधवी उमेश साहू ने हितग्राही के मकान की पूजा-अर्चना कर उन्हें गृह प्रवेश कराया। हितग्राही रामाधार बसोड़ ने सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि, राज्य एवं केंद्र सरकार की वजह से हमारे परिवार ही नहीं, अपितु राज्य के अनेक ऐसे गरीब परिवारों के चेहरे खिल रहे हैं, जिन्होंने कभी नहीं सोचा होगा कि, मेरा पक्का का मकान बन जाएगा। जनपद सदस्य कमला साहू ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब परिवारों को पक्का मकान देकर उनकी खुशियों को दोगुना किए हैं। कार्यक्रम में मार्गदर्शक रिचा देवांगन, अभियंता विकास राठौड़, सचिव अजय डोंगरे, पंच शैल बाई, आवास मित्र मुकेश कश्यप एवं विकास कुमार कैवर्त आदि मौजूद रहे।

## कौशिक ने किया 1129.23 लाख की सड़क का भूमिपूजन

# साय सरकार में प्रदेश में बिछ रहा सड़कों का जाल: धरमलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिल्हा

क्षेत्रीय विधायक व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 1129.83 लाख की लागत से बनने वाले 14.05 किमी चकरभाठा से दगोरी पहुंच मार्ग का भूमिपूजन किया। इस मौके पर श्री कौशिक कहा कि, लंबे समय से ग्रामीणों कि यह मांग थी, किन्तु अब सब्र का समय समाप्त हो चुका है। इस सड़क निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों को बेहतर संपर्क सुविधा प्राप्त होगी, जिससे आवागमन में सुगमता आएगी और स्थानीय व्यापार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को भी नई



गति मिलेगी। यह परियोजना क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आगे कहा कि, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार गांव-गांव तक पक्की सड़क और विकास पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि, प्रदेश सरकार मोदी की एक-एक गारंटी को पूरा करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। पुराने सड़कों की मरम्मत और नई सड़कों के निर्माण किए जा रहे हैं। सड़कों के पुनर्निर्माण का काम पूरे प्रदेश में जल्द ही वृहद स्तर पर प्रारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अखंड नवधा रामायण में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम



**सीपत।** सीपत के तेली धीवर मोहल्ले में चल रहे अखंड नवधा रामायण में इन दिनों भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। यह आयोजन का लगातार 15वां वर्ष है, और हर वर्ष की भांति इस बार भी दूर-दराज से आई आकर्षक मानस मंडलियां अपनी मधुर वाणी और लयबद्ध वादन से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर रही हैं।

मंच पर कलाकारों की मनोहारी प्रस्तुति के दौरान तालियों की गूंज और जय श्रीराम के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठता है। आकर्षक मंच सज्जा और भक्तिमय संगीत से सुसज्जित यह आयोजन श्रद्धालुओं को अपनी ओर खींच रहा है। हर शाम आयोजन स्थल पर श्रोताओं की भीड़ उमड़ पड़ती है, श्रद्धालु परिवार सहित कथा सुनने पहुंच रहे हैं। रामायण के प्रसंगों के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों और जीवन मूल्यों का संदेश दिया जा रहा है। अच्छे गायन-वादन करने वाली मंडलियों को समिति की ओर से कैलेंडर, प्रसाद और श्रीफल देकर सम्मानित किया जा रहा है। भक्तों द्वारा चढ़ोत्तरी और सेवा कार्य में भी उत्साह देखा जा रहा है।

## परसदा में आयोजत मां काली महोत्सव संपन्न



सकरी। ग्राम परसदा में मां काली महोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति के साथ आयोजित हुआ। 10 दिन तक आयोजित महोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। 21 अक्टूबर से शुरू आयोजन का समापन 30 अक्टूबर को विसर्जन एवं प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर किया गया।

ग्राम परसदा में विगत 16 वर्ष से जय मां काली पूजा महोत्सव समिति की ओर से आयोजन किया जाता है। इस वर्ष महोत्सव के दौरान जसगीत प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता एवं झांकी सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम के लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। समापन समारोह के अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि, मां काली शक्ति और न्याय की प्रतीक हैं, जो असत्य और अधर्म का नाश करती हैं। उनकी कृपा से भय मिटता है, आत्मबल बढ़ता है। सरपंच जगत राम साहू ने कहा कि, आयोजन समिति, गांव के श्रद्धालुओं और युवाओं द्वारा यह भव्य आयोजन हर वर्ष आयोजित किया जाता है। इसमें खासकर युवाओं का विशेष योगदान रहता है। कार्यक्रम को सभापति जनपद पंचायत तखतपुर अरुण सिंह चौहान, सरपंच भरनी किरन वस्त्रकार, कैलाश वस्त्रकार, पूर्व उपसरपंच जागेश्वर यादव, वरिष्ठ समाजसेवी शिव वस्त्रकार, रामा वस्त्रकार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के आयोजन में राकेश वस्त्रकार, अजय साहू, भोला वस्त्रकार, कृष्ण कुमार लोहार, भरत लोनिया सहित ग्रामीणों का अहम योगदान रहा। विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन- काली महोत्सव में आयोजन समिति ने जसगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें मझबानी, बेलपान, गतौरा, पीपरतराई, छतौना मुंगेली, अमोरा भिलाई की टीम ने हिस्सा लिया। झांकी प्रतियोगिता में मुंगेली, बिटकुला एवं पौसरा की टीम ने भाग लिया। इसी तरह रंगोली प्रतियोगिता में अनुषा झा, छाया रानी, पुनीता और आंचल महरा ने भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

### अवैध खनन व परिवहन करते दो वाहन जब्त

**मुंगेली।** खनिज विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने शिकायत के आधार पर गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए पंचायत कुकुसदा अंतर्गत ग्राम पडरिया झाप पथरिया में औचक निरीक्षण के दौरान टीम ने अवैध खनन एवं परिवहन में लिप्त दो वाहनों को जब्त किया। निरीक्षण के दौरान वाहन क्रमांक सीजी 10 एके 5618 एवं सीजी 28 एएल 7222 को अवैध रूप से मुरुम का उत्खनन व परिवहन करते हुए पकड़ा गया। वाहनों के चालकों की पहचान धर्मेन्द्र धीवर एवं मोतीलाल के रूप में हुई। दोनों वाहनों को पुलिस चौकी साकेत की अभिरक्षा में रखा गया है। खनिज अधिकारी ने बताया कि, उक्त कार्रवाई खदान और खनिज अधिनियम, 1957 की धारा 21 एवं छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 के तहत की गई है। प्रकरण में नियमानुसार आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## रानी दुर्गावती कॉलेज में उद्यमिता स्टार्टअप जागरूकता कार्यक्रम

**भर्रीडांड़।** युवाओं को आत्मनिर्भरता और स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित करने के उद्देश्य से वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय मरवाही में उद्यमिता एवं स्टार्टअप जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर के इनोवेशन एंड स्टार्टअप सेल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे स्टार्टअप गाइड चैतन्य मेहर ने छात्रों को स्टार्टअप की अवधारणा और उसके महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि, आज युवाओं को नौकरी ढूंढने के बजाय रोजगार सृजनकर्ता बनने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने स्टार्टअप पंजीयन प्रक्रिया, बिजनेस मॉडल निर्माण, मार्केट रणनीति और फंडिंग जैसे विषयों पर



विस्तृत जानकारी दी। साथ ही बताया कि, चयनित विद्यार्थियों को विभिन्न सरकारी व विश्वविद्यालयीय योजनाओं के माध्यम से 50 लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है। कार्यक्रम में वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय मरवाही के प्राचार्य लोकसिंह, डॉ पीके सिंह राणा, सूर्यभान सिंह पैकरा, नरोत्तम लाल सोनल, उत्तम चंद्राकार, अनुराधा सुकला, अंजना खरे गुप्ता, सीएस मरावी सहित समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही। इनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम का संचालन सफलतापूर्वक किया गया।

## गौरेला साहू समाज के तहसील अध्यक्ष बने अनुपम

**पेंड्रा।** नर्मदा खंड साहू समाज की तहसील इकाई की महत्वपूर्ण बैठक रविवार 26 अक्टूबर को गौरेला स्थित मरही माता मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक के दौरान समाज के वरिष्ठ सदस्य बिसाहू लाल साहू ने अनुपम गुप्ता के नाम का प्रस्ताव तहसील अध्यक्ष पद हेतु रखा, जिसका समर्थन लखन साहू ने किया। साथ ही इस प्रस्ताव को अन्य उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की। इस मौके पर अन्य पदाधिकारियों का भी निर्वाचन किया गया, जिसमें सचिव पीयूष साहू, उपाध्यक्ष मुकेश साहू उर्फ श्यामू साहू, महिला उपाध्यक्ष मीना साहू एवं महिला संगठन मंत्री विनोज लखनलाल साहू को चुना गया। शेष पदों की घोषणा समिति द्वारा सामाजिक विमर्श के बाद अध्यक्ष को अधिकृत करते हुए आगे घोषित करने का निर्णय लिया गया।



केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन रहे उपस्थित- इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने भी मरही माता मंदिर तिराहे पहुंचकर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। उन्होंने समाज के कार्यों को गति देने हेतु पूरा सहयोग देने की बात कही और संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष रमेश साहू, जिला सचिव विश्वनाथ साहू, संरक्षक अशोक कुमार साहू, पूर्व तहसील अध्यक्ष कमल साहू, उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, शंकर लाल साहू, बिसाहू लाल साहू, बद्री प्रसाद साहू, काशी साहू, कपूर चंद साहू, खूबचंद साहू, शरद साहू, लखन साहू, सुनील साहू, आशुतोष साहू, राजेश साहू सहित समाज के वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में जिला अध्यक्ष रमेश साहू ने समाज को संगठित होकर आगे बढ़ने की अपील की। आभार प्रदर्शन पूर्व तहसील अध्यक्ष कमल साहू ने किया।

## शत प्रतिशत पंजीयन करने धान खरीदी केंद्रों में शिविर

**मुंगेली।** धान खरीदी हेतु किसानों के पंजीयन के लिए 31 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की गई है। जिन किसानों का पंजीयन छूट गया है उनका शत प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने के लिए जिले के विभिन्न गांवों के धान खरीदी केंद्रों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। भू अभिलेख शाखा के प्रभारी अधिकारी जीएल यादव ने बताया कि, जहां पर मैपिंग में समस्या आ रही है, वहां शिविर लगाकर किसानों का पंजीयन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि, जिले के लौदा, जोता, पौसरी, मोहभट्ठा, बेलखुरी, बदरा ब, पेण्ड्रीकला, अमलीडीह, खाम्ही, डिंडोरी, नवागांव, राम्हेपुर, मनोहरपुर, भालूखोंधरा गांव में शिविर लगाकर किसानों का पंजीयन किया जा रहा है। कृषक पंजीयन डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य किसानों एवं भूस्वामियों की एक व्यापक और एकीकृत पंजीयन सुनिश्चित करना है। ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ सही लाभार्थियों तक कुशलतापूर्वक पहुंच सके। कृषक पंजीयन कृषि भूमि धारक के पहचान पत्र को भूमि स्वामित्व के साथ जोड़कर कृषक को



सत्यापित करती है। इससे केंद्र सरकार की पीएम किसान योजना, फसल बीमा योजना, सहित राज्य की धान खरीदी जैसी महत्वपूर्ण योजना का लाभ सुनिश्चित होगा। किसान पंजीयन के लिए भू स्वामी होने से संबंधित दस्तावेज जैसे बी-1, खसरा, ऋण पुस्तिका, आधार कार्ड और मोबाइल नंबर के माध्यम से आसानी से अपना पंजीयन कर सकते हैं। भारत सरकार के कृषि मंत्रलय द्वारा संचालित एग्रीस्टेक पोर्टल के माध्यम से अब किसानों से धान उपार्जन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। यह व्यवस्था किसानों को पारदर्शी और सरल प्रणाली प्रदान करने के उद्देश्य से लागू की जा रही है। इस प्रणाली के तहत पंजीकृत किसानों से भारत सरकार द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप धान की खरीदी की जाएगी। उपार्जन हेतु किसानों को अब ऋण पुस्तिका लाने की आवश्यकता नहीं होगी। किसान अपनी एग्रीस्टेक पंजीकरण आईडी के माध्यम से उपार्जन केन्द्रों में धान विक्रय कर सकेंगे। इससे किसानों को न केवल बड़ी सुविधा मिलेगी, बल्कि धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता और दक्षता भी सुनिश्चित होगी।

## डीएवी गोढ़ी में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह व साइबर जागरूकता कार्यक्रम



**बिल्हा।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल गोढ़ी में बिल्हा थाना प्रभारी उमेश साहू के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय एकता दौड़ तथा साइबर सुरक्षा जागरूकता पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कक्षा आठवीं से बारहवीं तक के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष वंदना जेंड्रे, उमेश साहू थाना प्रभारी बिल्हा, चंद्रप्रकाश जांगड़े उपसरपंच गोढ़ी, पत्रकारिता से विनोद वर्मा, कमल गर्ग, धीरेन्द्र मेहता, हरीश गुप्ते, दशरथ सन्नाट, गंगाराम निर्मलकर सहित अन्य मौजूद रहे। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एसएन पाण्डेय ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि, राष्ट्रीय एकता दिवस हमारे देश के महान नेता लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के रूप में मनाया जाता है। सरदार पटेल जी ने अपने अदम्य साहस, दृढ़ निश्चय और दूरदृष्टि से आजादी के बाद भारत की 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर एक अखंड भारत का निर्माण किया। मुख्य अतिथि वंदना जेंड्रे और थाना प्रभारी उमेश साहू ने कहा कि, आज का युग डिजिटल युग है, जहां इंटरनेट हमारे जीवन का अहम हिस्सा बन चुका है। लेकिन इसके साथ साइबर अपराधों का खतरा भी बढ़ गया है। हैकिंग, फिशिंग और डेटा चोरी जैसी घटनाएं आम हो गई हैं, इसलिए हमें साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहना चाहिए। इश मौके पर छात्रों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। एकता दौड़ में शामिल प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। मंच संचालन शिक्षिका आरती पाण्डेय एवं शिक्षक दीपक सन्नाट ने किया एवं आभार ज्ञापन शिक्षिका आरती पाण्डेय ने किया। आयोजन को सफल बनाने में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहयोग दिया।

## केशली में पशु मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती महोत्सव 2025 के अवसर पर विकासखंड मुंगेली के ग्राम केशली में पशु मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गौपूजन के साथ किया गया। उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग ने बताया कि प्रदर्शनी में 22 पशुओं का उपचार, 187 दवा वितरण, 205 का डिवर्मिंग एवं 196 का डिटिंकिंग किया गया। कार्यक्रम मे जनपद पंचायत मुंगेली के अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्राम के सरपंच और पशुपालक मौजूद रहे। प्रदर्शनी में उन्नत नस्ल के पशु-पक्षियों के विभिन्न वर्ग जैसे दुधारु गाय वर्ग, दुधारु भैंस वर्ग, भैंसा वर्ग, बैल वर्ग, संकर बछिया वर्ग, बकरा-बकरी वर्ग, मुर्गा-मुर्गी वर्ग एवं अन्य वर्ग सहित कुल 7 वर्ग में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 21 पशुपालकों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।




## इन्फेंट हैवन वर्ल्ड स्कूल में साइबर जागरूकता कार्यक्रम

**तखतपुर।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर तखतपुर पुलिस की ओर से इन्फेंट हैवन वर्ल्ड स्कूल में साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों को ऑनलाइन ठगी, डाटा चोरी और साइबर सुरक्षा से जुड़ी अहम जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें साइबर क्राइम जागरूकता विषय पर विद्यार्थियों ने आकर्षक रंगोलियां बनाईं। प्रतियोगिता में ममता देवांगन ने प्रथम, आंचल धुरी ने द्वितीय तथा अमित शिवहरे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य प्रतिभागियों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए।



**न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

**उद्घोषणा**

प्र.क्रं. /अ-20(1)/25-26

पक्षकार- कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला मुंगेली छ.ग. ...... आवेदक
विरूध्द छ.ग. शासन ...... अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम/मोहल्ला पुराना बस स्टैण्ड़ मुंगेली, जिला मुंगेली को सूचित किया जाता है कि आवेदक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा दिनांक 08.10.2025 को पत्र प्रेषित कर लेख किया गया है कि मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नं. 38 सी, प्लाट नं. 35 क्षेत्रफल 1795 व.मी. भूमि को विभागीय स्टोर एवं जिला वैक्शीन स्टोर जर्जर भवन को डिस्मेंटल करके बनाए जाने पुनः स्वास्थ विभाग को भूमि आबंटित करने तथा भवन निर्माण प्रारंभ किए जाने की स्वीकृति बाबत इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः एवं मोहल्ला पुराना बस स्टैण्ड, गांधी पुतला के पीछे मुंगेली तहसील मुंगेली जिला मुंगेली स्थित उपरोक्त नजूल भूमि आबंटन के संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालो को किसी प्रकार की कोई आपत्ति या दावा हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 11.11.2025 को न्यायालीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है।
उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा/आपत्ति विचारणीय नही होगा। ईशतहार आज दिनांक 28.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, मुंगेली (छ.ग.)

**सरदार भगत सिंह महाविद्यालय, बेलगहना, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

में निम्नलिखित पदों पर परिनियम 28 के अंतर्गत प्राचार्य सहा. प्राध्यापक एवं अंशैक्षणिक पद हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | प्राचार्य | - 1 पद | (2) | राजनीति विज्ञान | - 1 पद |
| (3) | अर्थशास्त्र | - 1 पद | (4) | हिंदी | - 1 पद |
| (5) | इतिहास | - 1 पद | (6) | भूगोल | - 1 पद |
| (7) | कम्प्यूटर विज्ञान | - 3 पद | (8) | वनस्पति शास्त्र | - 1 पद |
| (9) | जंतु विज्ञान | - 1 पद | (10) | गणित | - 1 पद |
| (11) | खेल अधिकारी | - 1 पद | (12) | अकाउंटेड | - 1 पद |
| (13) | लिपिक | - 1 पद | (14) | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | - 2 पद |

योग्यतानुसार यू.जी.सी. नियमानुसार सिर्फ शिक्षक-पीएच. डी. स्नातकोत्तर नेट/सेट एम फिल आवेदन करें, विज्ञापन से 20 दिनों के भीतर अपना आवेदन स्वयं या डाक द्वारा निम्न पते पर जमा करें।
तहसील रोड, पुलिया पारा बेलगहना, जिला बिलासपुर (छ.ग.) 9435814289, 7441146389

## खबर संक्षेप

### डिवीजन के एडीआरएम बने श्रीनिवास और मीना



**बिलासपुर।** रेल मंडल बिलासपुर के एडीआरएम के पद पर जेएस मीना और के श्रीनिवास ने पदभार ग्रहण कर लिया है। अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक जेएस मीना भारतीय रेलवे भंडार सेवा आईआरएसएस के 2004 के अधिकारी हैं और पूर्व में वे पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर में मुख्य भंडार प्रबंधक पर पदस्थ थे। वहीं एडीआरएम के श्रीनिवास भारतीय रेलवे यांत्रिक अभियांत्रिकी सेवा आईआरएसएमई के 2006 बैच के अधिकारी हैं। इससे पूर्व वे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन मुख्यालय में चीफ रोलिंग स्टॉक इंजीनियर के पद पर पदस्थ थे। दोनों अफसरों के पदभार ग्रहण के दौरान डिवीजन के सभी शाखा अधिकारी उपस्थित थे।

### सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर नुक्कड़ नाटक

**बिलासपुर।** रेलवे में सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर संगोष्ठी और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। सुबह 10.30 बजे नुक्कड़ नाटक के माध्यम से रेल स्टाफ ने सतर्कता एक साझा जिम्मेदारी के संदेश को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जोन के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश, मुख्य सतर्कता अधिकारी मनोज गुरुमुखी सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। 11.30 बजे संगोष्ठी में मुख्य अतिथि एवं वक्ता डॉ. श्रीमती प्रवीण कुमारी सिंह, पूर्व अपर सचिव केन्द्रीय सतर्कता आयोग ने सतर्कता के विभिन्न आयामों पर अपने विचार व्यक्त किए। महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने कहा कि सतर्कता की भावना को केवल इस सप्ताह तक सीमित न रखकर अपने दैनिक कार्य संस्कृति का अभिन्न अंग बनाना आवश्यक है।

### अभद्र टिप्पणी का विरोध करने पर जमकर मारपीट

**बिलासपुर।** अभद्र टिप्पणी का विरोध करने पर छात्रा व युवक के साथ जमकर मारपीट की गई। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, चांपा की रहने वाली एक छात्रा मोपका निखिल टावर में किराए के मकान में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही है। 29 अक्टूबर की रात 8.30 बजे वह नीचे कुछ सामान लेने गई थी। इसी दौरान हरेश सिंह ने उन पर अभद्र टिप्पणी की, वे एतराज करते हुए अपने रूम में चली गईं। उसके बाद केयर टेकर पुनीत साहू ने उन्हें कहा हास्टल संचालक निखिल पासवान बुला रहा है। वे बातचीत करने के लिए नीचे गई तो निखिल के साथ कुछ लोग खड़े हुए थे। निखिल पासवान ने उन्हें गाली देते हुए मकान खाली करने कहा। उन्होंने गाली देने से मना किया तो गुस्से में आकर निखिल ने जान से मार देने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से जमकर मारपीट की। फिरोज खान छात्रा की मदद करने आया तो उसके साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने छात्रा की रिपोर्ट पर हरेश सिंह, निखिल पासवान, मेहुल निखर के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

डाक्टरों ने कहा - एक से दो हफ्ते में हो रहा है ठीक

कमजोर इम्यूनिटी व लापरवाही करने पर बढ़ता है खतरा

# खराब मौसम में राइनो वायरस का खतरा, गले में इनफेक्शन और एलर्जी बढ़ा रही समस्या

**बिलासपुर।** चक्रवाती तूफान मोंथा कहर बरपा रहा है, भले ही जिले में तूफान का असर कम दिख रहा है, लेकिन मौसम में आए बदलाव के बाद लोगों की तबीयत खराब हो रही है।

सर्दी जुकाम के साथ ही राइनो वायरस का खतरा बढ़ चुका है। लोगों को गले में श्वसन क्रियाओं को प्रभावित कर रहा है, इससे प्रभावित लोगों को जबरदस्त खांसी, आवाज में भारीपन और गले में दर्द की शिकायत हो रही है। डाक्टर वायरस से बचने के लिए एतिहात बरतने की सलाह दे रहे हैं। मौसम की मार लोगों को बीमार कर रही है, अचानक हुए बदलाव के कारण बीमारियां फैल रही हैं। पिछले 3 दिनों से बदली छाई हुई और सूरज की दस्तक काफी कम है। ऐसे में संक्रमण का दौर शुरू हो चुका है। बताया जा रहा है कि खराब मौसम की वजह से राइनो वायरस लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है। सामान्य सर्दी व खांसी के साथ ही वर्तमान में इस वायरस के चपेट में लोग जल्द ही पड़ रहे हैं। डाक्टरों का कहना है कि बदलते मौसम में इस वायरस का प्रभाव बढ़ जाता है, जिसके चलते गले में इंफेक्शन, दर्द और जलन की समस्या होती है। यह खांसने और छींकने से फैल भी सकता है। ऐसे में डाक्टर लोगों को सावधानी बरतने के बात कह रहे हैं। सिम्स में इन दिनों सर्दी खांसी और इंफेक्शन के मरीज की संख्या अचानक बढ़ चुकी है, रोजाना 300 से अधिक मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। डाक्टरों का कहना है कि यह वायरस 1 से 2 हफ्ते तक अपना असर दिखाता है, इसके बाद ठीक भी होने लगता है।

### रात तक होती रही बारिश



मौसम के तेवर गुरुवार को भी बदले रहे। तूफान के प्रभाव से सुबह से आसमान पर घने बादल छाए रहे, दिन में कई बार बूंदाबांदी हुई, वहीं रात में बारिश शुरू हो गई। कभी हल्की तो कभी तेज बारिश होने से शहर तरबतर हो गया। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 24 घंटे के दौरान कई स्थानों पर बारिश हो सकती है।

### इम्यूनिटी सिस्टम को करें बेहतर

डाक्टरों के अनुसार मरीजों को बाहर के खाने बचना चाहिए, वहीं ठंड और बांसी खाना इस बीमारी को बढ़ा सकता है। वहीं कम इम्यूनिटी वाले लोगों के लिए खांसी काफी तकलीफदायक साबित होती है। ऐसे में खांसी और एजर्ली होने पर तत्काल डाक्टर की सलाह लेकर इलाज शुरू करना ही समस्या का निदान हो सकता है।

### बरतनी चाहिए सावधानी

बदलते मौसम में खास तौर का वायरस एक्टिवेट हो जाता है। इसे राइनो वायरस कहते हैं। यह गले और सांस की समस्या को बढ़ा देता है। वर्तमान में मौसम बहुत ही प्रतिकुल बना हुआ है। मरीजों को इलाज के साथ ही सावधानी भी बरती चाहिए।

-विद्याभूषण साहू, एसोसिएट प्रोफेसर, ईएनटी

प्रशासनिक भवन के सामने तीन घंटे तक छात्रों ने जमकर नारेबाजी के साथ किया प्रदर्शन

# छात्र की संदिग्ध मौत मामले में छात्र-छात्राओं ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राएं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर तले गुरुवार को यूनिवर्सिटी का घेराव किया। हास्टल में रहने वाले छात्र की संदिग्ध मौत मामले को लेकर आक्रोशित छात्रों ने करीब तीन घंटे तक प्रशासनिक भवन के सामने धरना प्रदर्शन नारेबाजी करते रहें। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल भी मौके पर तैनात रही। आखिरकार प्रभारी कुलपति प्रो. अमित सक्सेना बाहर आए और आंदोलनरत छात्रों से बात की उसके बाद ही घेराव समाप्त हुआ।

- आंदोलनरत छात्रों से प्रभारी कुलपति ने आकर की बात

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राएं हास्टल में रहने वाले छात्र अर्सलान अंसारी की संदिग्ध मौत मामले में दिवंगत छात्र को न्याय दिलाने के मुद्दे को लेकर आज यूनिवर्सिटी में घेराव किया। सुबह करीब 11 बजे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर तले यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राएं एकत्रित होकर नारेबाजी करते हुए प्रशासनिक भवन पहुंचे, जहां पहले ही यूनिवर्सिटी के सुरक्षा गाड्र्स ने गेट पर ताला जड़ दिया था। घेराव की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में पुलिस बल भी प्रशासनिक भवन के बाहर तैनात थी। आंदोलनरत छात्रों की भीड़ प्रशासनिक भवन के भीतर जाने की कोशिश की, किन्तु पुलिस बल और यूनिवर्सिटी के गार्डस ने उन्हें रोक दिया। इस पर छात्र-छात्राएं वहीं प्रशासनिक भवन के सामने धरना पर बैठ गए और यूनिवर्सिटी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इस बीच यूनिवर्सिटी प्रबंधन की ओर से कई लोगों ने आकर छात्रों को समझाने की कोशिश की, किन्तु छात्रों को घेराव प्रदर्शन जारी रहा। इसके बाद यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रो. एएस रणदिवे अधिकारियों के साथ वहां छात्रों से चर्चा करने पहुंचे, किन्तु आक्रोशित छात्रों ने उनसे चर्चा करने से यह कहते हुए इनकार कर दिया कि कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल खुद बाहर आकर उनसे बात करें। अधिकारियों ने बताया कि कुलपति बाहर गए है यूनिवर्सिटी में नहीं है। उसके बाद प्रभारी कुलपति प्रो. अमित सक्सेना ने आकर छात्रों से मिलें और प्रदर्शन कर रहें छात्रों ने उनके समक्ष अपनी बातें रखी। करीब तीन घंटे तक घेराव के बाद छात्रों का प्रदर्शन समाप्त हुआ।




सीयू का घेराव करते अभाविप के पदाधिकारी व विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं।

### छात्रों ने रखी ये चार मांगें

सेंट्रल यूनिवर्सिटी का घेराव करने वाले छात्र-छात्राओं ने चार मांगे रखी है। इसमें छात्र की संदिग्ध मौत मामले पर विशेष जांच कराई जाए, जिसमें रिटायर्ड जज, छात्र के अभिभावक प्रतिनिधि, आईपीएस अधिकारी, गणमान्य नागरिक व छात्र प्रतिनिधि की कमेटी गठित की जाए। छात्रों ने घेराव के दौरान विंग वार्डन, चीफ वार्डन और यूनिवर्सिटी की सुरक्षा अधिकारी पर कार्रवाई करते हुए निलंबित किए जाने की मांग रखी है। इसी तरह मृतक छात्र के परिजन को आर्थिक मुआवजा एवं न्यायिक सहायता प्रदान की जाए।

### सीयू प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद यूनिवर्सिटी इकाई अध्यक्ष तुषार साहू ने कहा कि हास्टल के अधिकारियों की घोर लापरवाही सामने आई है। उन्होंने हास्टल में सही तरीके से ड्यूटी नहीं की और न ही समय रहते लापता का एफआईआर कराया है जो संवेदनहीनता को प्रदर्शित करता है। यूनिवर्सिटी इकाई मंत्री प्रसून पाठक ने कहा कि यूनिवर्सिटी प्रशासन की दिखावटी व्यवस्था के कारण हमने एक मेधावी छात्र को खो दिया है। स्वार्थपरता के कारण छात्र को और उसके परिवार को अब तक न्याय नहीं मिल पाया है। यूनिवर्सिटी इकाई अध्यक्ष अविनाश ने कहा कि यह घटना यूनिवर्सिटी की सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करती है। यूनिवर्सिटी में छात्र का शव मिलना अत्यंत गंभीर विषय है जिसकी पूरी पारदर्शिता से जांच होनी चाहिए। आज घेराव के दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विभाग संयोजक हेमांशु कौशिक, महानगर मंत्री अतिंद्र दीवान, आराध्य तिवारी, जितेन्द्र साहू, शास्वत शुक्ला, शानू वैष्णव, राहुल, मानसी, राशि हिमांशु प्रधान, समीर, रश्मि मोहित राय सहित यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राएं शामिल रहें।

रींवा और नर्मदा एक्सप्रेस

# किराया एक्सप्रेस का और सुविधा पैसेंजर की तरह



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जोनल रेलवे स्टेशन से चलने वाली मुख्य दो ट्रेनें नर्मदा और रींवा एक्सप्रेस हैं, जिसमें एक्सप्रेस की तरह यात्रियों से किराया भी लिया जा रहा है। उसके बाद भी दोनों ट्रेन की चाल लोकल की तरह है, जो लोकल की तरह सभी छोटे-छोटे स्टेशनों में रूक-रूककर अपने गंतव्य तक पहुंच रही है।

- पूरा किराया लेने के बाद भी यात्रियों को नहीं मिल रही है सुविधाएं

बिलासपुर रेलवे स्टेशन से कटनी की ओर जाने वाली दो मुख्य ट्रेनें हैं, जिसमें पहली ट्रेन बिलासपुर से रींवा के बीच और दूसरी ट्रेन बिलासपुर से इंदौर जाने वाली नर्मदा एक्सप्रेस है। इन दोनों ट्रेनों में अनूपपुर, शहडोल, उमरिया और कटनी मुड़वारा सहित मैहर, सतना सहित इंदौर की ओर जाने वाले यात्रियों की काफी भीड़ रहती है। बिलासपुर से इंदौर के बीच चल रही नर्मदा एक्सप्रेस को शुरु से ही एक्सप्रेस बनाकर रेल प्रशासन चला रही है, लेकिन वर्तमान में चल रही बिलासपुर-रींवा एक्सप्रेस का पहले बिलासपुर-रींवा पैसेंजर बनकर परिचालन किया जा रहा था। यह ट्रेन बिलासपुर से रवाना होने के बाद उसलापुर, करगीरोड, घुटकू, सल्कारोड, बेलगहना, टेंगनमाड़ा, खोंगसरा, भनवारटंक, खोडरी, सारबहरा, पेण्ड्रारोड, वेंकटनगर, जैतहरी, अनूपपुर जंक्शन, अमलाई, बुढ़ार, छादा, शहडोल, बिरसिंहपुर, उमरिया, चंदिया रोड, कटनी जंक्शन, अमदारा, मैहर, उछेरा, सतना जंक्शन, तुरकी रोड होकर रींवा दूसरे दिन सुबह 5 बजकर 50 मिनट पर पहुंचती है। दो साल से बिलासपुर-रींवा पैसेंजर को एक्सप्रेस बनाकर चलाना शुरु कर दिया है। इस ट्रेन में एक्सप्रेस बनाने के साथ ही स्लीपर और एसी थ्री कोच की संख्या भी बढ़ा दी गई है, ताकि यात्रियों को एक्सप्रेस की तरह ट्रेन में सफर करने का अनुभव हो सके। इसी तरह का हाल बिलासपुर से कटनी मुड़वारा की ओर जाने वाली नर्मदा एक्सप्रेस का भी है। यह ट्रेन बिलासपुर से एक्सप्रेस बनकर इंदौर की ओर सुबह 11.15 बजे रवाना होती है, लेकिन एक्सप्रेस की बजाय लोकल की तरह ट्रेन का स्टापेज उसलापुर, घुटकू, करगीरोड, बेलगहना, खोंगसरा, पेण्ड्रारोड, जैतहरी, अनूपपुर जंक्शन, अमलाई, बुढ़ार सहित अन्य छोटे स्टेशन में किया जा रहा है। दोनों ट्रेनों में रेल प्रशासन किराया तो एक्सप्रेस की तरह यात्रियों से वसूल कर रही है, लेकिन यात्रियों को ट्रेन में सफर करने की सुविधा लोकल की तरह मिल रही है।

### दोनों ट्रेनों में रहती है वेटिंग

रींवा एक्सप्रेस और नर्मदा एक्सप्रेस दोनों जोन की ऐसी ट्रेन हैं, जिसमें यात्रियों की काफी भीड़ रहती है। इंदौर की ओर जाने वाली नर्मदा एक्सप्रेस एकमात्र ट्रेन है, जिसका स्टापेज जबलपुर, मदन महल, सोहागपुर, इटारसी, रानी कमलापति, भोपाल जंक्शन, सिहोर और उज्जैन में भी होती है। इसकी वजह से इस ट्रेन में जाने वाले यात्रियों की संख्या अधिक होने के कारण वेटिंग का आंकड़ा भी 50 से अधिक का रहता है। स्लीपर और एसी कोच में जगह नहीं मिलने के कारण मजबूरी में यात्री जनरल कोच में लटककर सफर करते हैं।

## पेमेंट का फर्जी मैसेज दिखाकर की ठगी, युवक को व्यापारियों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मोबाइल में पेमेंट का फर्जी मैसेज दिखकर काजू, किशमिश, तेल खरीदने वाले युवक को व्यापारियों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।



पिछले कुछ दिनों से एक युवक रतनपुर क्षेत्र में काजू, किशमिश, टेल का टिन, फल खरीदकर अपने मोबाइल में पेमेंट करने का मैसेज दिखाकर व्यापारियों को चूना लगा रहा था। बाद में व्यापारियों ने अपना बैंक एकाउंट चेक किया तो पैमेंट नहीं हुआ था। गुरूवार को उक्त युवक फिर से अमित अग्रवाल व राजेश गुप्ता के किराना दुकान में आया और तेल खरीदकर अपने मोबाइल में पेमेंट का मैसेज दिखाकर तेल लेकर जाने लगा। व्यापारियों ने बैंक का रिकार्ड देखे तो पेमेंट नहीं हुआ था। व्यापारियों ने उसे पकड़ लिया। इसी दौरान बड़ी संख्या में व्यापारी आ गए और उन्होंने बताया पूर्व में उक्त युवक के द्वारा उनसे सामान खरीदकर अपने मोबाइल में पेमेंट का मैसेज दिखाकर निकल गया था। जबकि उनके बैंक खाते में पेमेंट नहीं आया था। पकड़ा गया युवक कोटा राम मंदिर चौक निवासी अनमोल शर्मा पिता देनिश शर्मा 30 साल है। व्यापारियों ने युवक को पकड़कर रतनपुर पुलिस के हवाले कर दिया।

व्यापारियों के द्वारा रिपोर्ट नहीं लिखाने पर पुलिस ने प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत युवक को गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि इसके पूर्व सरकण्डा क्षेत्र में मेडिकल, किराना दुकान में सामान खरीदकर अपने मोबाइल में पेमेंट का फर्जी मैसेज दिखाने वाले युवक को गिरफ्तार किया गया था।

## गैस सिलेंडर सहित पकड़ा गया यात्री, आरपीएफ ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे सुरक्षा बल बिलासपुर की टीम ने रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म पर एक व्यक्ति को गैस सिलेंडर के साथ पकड़कर रेलवे एक्ट की कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार प्लेटफार्म में पेट्रोलिंग के दौरान आरपीएफ स्टाफ ने एक यात्री को बोरी में सिलेंडर ले जाते हुए देखा। आरपीएफ ने रोककर उसकी बोरी चेक की, जिसमें घरेलू सिलेंडर रखा हुआ था। प्रतिबंध के बावजूद यात्री सिलेंडर को छिपाकर ले जा रहा था। पूछताछ में यात्री ने रायगढ़ खरसिया निवासी शिवशंकर सारथी पिता ननकीराम सारथी 21 साल ने बताया कि वह गैस सिलेंडर को रायगढ़ से बिलासपुर लेकर आया था और रात में उसे छिपाकर रखने के बाद दूसरे दिन स्टेशन से बाहर निकलने वाला था। इस दौरान यात्री ने सिलेंडर का दस्तावेज मांगा गया, जिसे यात्री नहीं दिखा सका। आरपीएफ ने यात्री के खिलाफ रेलवे एक्ट की धारा 153, 164 के तहत अपराध कायम करने के बाद न्यायालय में पेश कर दिया है।




जब्त सिलेंडर के साथ आरोपी।

### छात्रों के सूने रूम से दो लैपटाप ले उड़े चोर

**बिलासपुर।** दीपावली का त्यौहार मनाने गए दो छात्रों के सूने रूम से चोरों ने दो लैपटाप चोरी कर लिया है। पुलिस चोरों की पतासाजी में जुट गई है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, रायगढ़ पुसौर बड़ेहल्दी निवासी रोहन पटेल पिता अरूण कुमार पटेल अरविंद मार्ग में किराए रूम में रहकर साइंस कालेज में बीएससी द्वितीय ईयर की पढ़ाई कर रहे हैं। दीपावली में वह 15 अक्टूबर को रूम के दरवाजे में ताला लगाकर गृहग्राम रायगढ़ चले गए थे। 29 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे वह रायगढ़ से रूम लौटे तो दरवाजे में ताला लगा हुआ था। अंदर गए तो रूम में सामान अस्त व्यस्त पड़ा हुआ था और लैपटाप, ईयर बटस, बैग चोरी हो गया था। चोर खिड़की से अंदर घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। इसी तरह कोरिया तोलगा निवासी समीर कुमार साहू सरकण्डा खमतराई शिवम कालोनी में किराए के मकान में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। 18 अक्टूबर की शाम 5.30 बजे रूम के दरवाजे में ताला लगाकर गृहग्राम चले गए थे। 26 अक्टूबर को सुबह 11.30 बजे वे रूम लौटे तो ताला टूटा मिला और लैपटाप, बर्तन व अन्य सामान चोरी हो गया था।

### डायवर्ट रूट और विलंब से छोड़ी गई ट्रेनें

**बिलासपुर।** चक्रवाती तूफान मोथा का असर ट्रेनों के परिचालन में भी पड़ा है। तूफान की वजह से रेल प्रशासन ने संबंधित स्टेशन से बिलासपुर की ओर आने वाली ट्रेनों का रूट डायवर्ट करने के साथ विलंब से रवाना किया गया, जिसकी वजह से जोनल स्टेशन में आने वाली ट्रेन भी घंटो विलंब से पहुंचने से यात्री परेशान होते रहे। रेल प्रशासन ने चक्रवती तूफान के कारण दूसरे रेलवे से चलने वाली ट्रेनों को संबंधित स्टेशनों में नियंत्रित करने का आदेश जारी कर दिया था। 28 अक्टूबर मंगलवार के बाद 29 अक्टूबर बुधवार को दोनों दिन तूफान मोथा की वजह से रेल परिचालन प्रभावित हुआ।

### तृतीय सर्व वैश्य वैवाहिक परिचय सम्मेलन दिसंबर में

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय कसौंधन वैश्य महासभा ट्रस्ट का सर्व वैश्य तृतीय वैवाहिक परिचय सम्मेलन 21 दिसम्बर को श्री चंद्रपुरिहा कसोंधन वैश्य समाज भवन, करबला रोड, बीजेपी ऑफिस के सामने, पुराना बस स्टैंड रोड में आयोजित किया जाएगा । इस अवसर पर प्रकाशित की जाने वाली विवाह योग्य वैवाहिक स्मारिका संयोग का विमोचन भी होगा। परिचय सम्मेलन मे शामिल होने के लिए 1 नवंबर से बायोडाटा और रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

## फैक्ट्री में काम करने के दौरान क्रेन से गिरकर आपरेटर की मौत

### एक लाख रुपए मुआवजा देने पर शांत हुआ हंगामा

**बिलासपुर।** फैक्ट्री में काम करने के दौरान क्रेन आपरेटर की नीचे गिरने से मौत हो गई। सिम्स में मृतक के परिजन ने मुआवजा राशि की मांग लेकर जमकर हंगामा मचाया गया। ठेकेदार के द्वारा 1 लाख रुपए मुआवजा राशि देने पर हंगामा शांत हुआ। उसके बाद मृतक का अंतिम संस्कार किया गया है।



बिल्हा भैंसबोड़ निवासी मुकेश यादव पिता अर्जुन यादव ने बताया, उसका भाई मिथलेश यादव 23 साल बिल्हा मंगल स्पंज आयरन में क्रेन चलाता था। बुधवार की रात फैक्ट्री के सड़े टूटे जाली से 40 फीट नीचे गिर गए, जिससे उसे गंभीर चोट आई। फैक्ट्री के लोग कार से उसे इलाज के लिए नेहरू नगर स्थित एक निजी हास्पिटल में लेकर गए, वहां से सिम्स रेफर कर दिया गया। सिम्स में डाक्टर ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मुकेश ने बताया, मृतक का एक बच्चा है और उसकी पत्नी गर्भवती है। परिजन फैक्ट्री में लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुआवजा राशि की मांग करते हुए हंगामा मचाने लगे और शव ले जाने से इनकार कर दिया। बिल्हा टीआई उमेश साहू ने बताया फैक्ट्री की ओर से 1 लाख रुपए नकद व अन्य राशि चेक के माध्यम से देने का आशवासन देने पर परिजन शव लेकर गांव आए और अंतिम संस्कार किया गया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।




